इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 | अंक -267 | राजनांदगांव, बुधवार 14 अगस्त 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




# झंडा फहराने पर विवाद खत्म: दिल्ली के एलजी ने बताया गहलोत फहरायेंगे तिरंगा, आतिशी को दिया जोरदार झटका

नई दिल्ली। दिल्ली में इन दिनों स्वतंत्रता दिवस के मौके पर झंडा फहराने को लेकर विवाद जारी है। वैसे तो हमेशा दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल झंडा फहराते थे, लेकिन इस बार केजरीवाल जेल में हैं। ऐसे में केजरीवाल ने एलजी को चिट्ठी लिखकर कहा था कि मेरी जगह पर आतिशी इस बार झंडा फहराएगी, लेकिन जीएडी ने केजरीवाल के फैसले को असंवैधानिक बताते हुए कहा कि केजरीवाल जेल से प्रशासनिक पत्र नहीं लिख सकते हैं। ऐसे में सवाल उठने लगे थे कि आतिशी नहीं, तो आखिर झंडा कौन फहराएगा। अब दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने खुद इसका फैसला किया है।

## एलजी ने कैलाश गहलोत को किया नामित

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जीएडी के द्वारा जब आतिशी को झंडा फहराने से रोक दिया गया, तो आप लगातार विरोध कर रही थी दिल्ली के एलजी ने हमारा अधिकार छीन लिया है। उम्मीद जताई जा रही थी कि अब झंडा एलजी ही फहराएंगे या फिर किसी बीजेपी नेता द्वारा फहराया जाएगा। लेकिन एलजी ने अपने फैसले से सभी को हैरान कर दिया है। एलजी ने झंडा



फहराने पर फैसला लेते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर झंडा कैलाश गहलोत फहराएंगे।

## एलजी ने आतिशी को दिया झटका

एलजी ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में दिल्ली के गृह मंत्री कैलाश गहलोत झंडा फहराएंगे। इस शुभ काम के लिए एलजी ने कैलाश गहलोत को नामित किया है। आप नेता गोपाल राय ने एलजी के पास झंडा फहराने के लिए आतिशी का नाम भेजा था, लेकिन एलजी ने उसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया है और इसके लिए कैलाश गहलोत को नामित किया है। एलजी के इस फैसले के साथ ही इस विवाद पर भी विराम लग चुका है कि झंडा आखिर कौन फहराएगा। उम्मीद जताई जा रही है कि इससे आम आदमी पार्टी को भी कोई दिक्कत नहीं होगी, क्योंकि कैलाश गहलोत आप के ही नेता हैं।

### एक चुनी हुई सरकार को झंडा फहराने से रोकना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण : सिसोदिया



नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के मौक़े पर दिल्ली में चुनी हुई सरकार को झंडा फहराने से रोकना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।

श्री सिसोदिया ने दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस पर झंडा फहराने के मुद्दे पर कहा कि दिल्ली में चुनी हुई सरकार को झंडा फहराने से रोकना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि तिहाड़ से महाठग सुकेश की चिट्ठी तुरंत उपराज्यपाल वीके सक्सेना के पास पहुँच जाती है और वह इस पर कार्रवाई भी कर लेते है लेकिन उन तक चुने हुए मुख्यमंत्री की चिट्ठी नहीं पहुँचती है।उन्होने कहा कि, ये बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि, स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर घटिया राजनीति की जा रही है। आप की वरिष्ठ नेता आतिशी ने भी कहा कि, आज एक चुनी हुई सरकार के झंडा फहराने के अधिकार की छीना जा रहा है। आज दिल्ली में एक नए वायसराय आ गये है जो कह रहे है कि झंडा वो फहरायेंगे। 15 अगस्त को तिरंगा फहराना देश के लोगों का अधिकार है, दिल्ली के लोगों को अधिकार है, दिल्ली के लोगों द्वारा चुनी हुई सरकार का अधिकार है। अगर चुनी हुई सरकार को झंडा नहीं फहराने दिया जाता तो तानाशाही का इससे बड़ा कोई और प्रमाण नहीं होगा। आप नेता आतिशी ने कहा कि, हम 15 अगस्त को तिरंगा लोकतंत्र के लिए, आज़ादी के लिए, भारत के लोगों के हक़ की आवाज़ के लिए फहराते है लेकिन आज एक चुनी हुई सरकार के झंडा फहराने के अधिकार की छीना जा रहा है। आज मानो दिल्ली में एक नए वायसराय आ गये है जो कह रहे है कि झंडा वह फहरायेंगे।

# जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद पहली बार होगा चुनाव, 20 अगस्त तक तारीखों का ऐलान संभव




नई दिल्ली। जम्मू और कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान 20 अगस्त तक होने की संभावना है। बताया जा रहा है कि मतदान अक्टूबर से नवंबर के पहले सप्ताह तक 6 चरणों में हो सकता है। यह चुनाव अनुच्छेद 370 (हटने के बाद राज्य का पहला विधानसभा चुनाव होगा। चुनाव आयोग इस संबंध में 14 अगस्त को केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला के साथ बैठक करेगा। बैठक में चुनाव के से पहले सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की जाएगी।

## सीईसी ने किया था जम्मू कश्मीर का दौरा

बता दें कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने 9 अगस्त को जम्मू और कश्मीर का दौरा किया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग यहां जल्द से जल्द चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कोई बाहरी और आंतरिक ताकत चुनावी प्रक्रिया को पटरी से नहीं उतार सकती। जम्मू और कश्मीर के लोग देश को तोड़ने वाली ताकतों को करारा जवाब देंगे।

## सुप्रीम कोर्ट ने दिया था चुनाव कराने का निर्देश

11 दिसंबर 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को 30 सितंबर 2024 तक जम्मू और कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने जम्मू और कश्मीर के विशेष दर्जे को हटाने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जम्मू और कश्मीर को जल्द से जल्द राज्य का दर्जा वापस मिलना चाहिए।

## पीएम मोदी ने भी कही थी जल्द चुनाव की बात

जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 11 अगस्त को कहा था कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में कहा था कि पहले परिसीमन होगा, फिर विधानसभा चुनाव और फिर उचित समय पर राज्य का दर्जा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी चीजें उसी क्रम में आगे बढ़ रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 20 जून को श्रीनगर में कहा था कि जल्द ही चुनाव होंगे।

## दूसरे राज्यों में भी होंगे विधानसभा चुनाव

जम्मू और कश्मीर के अलावा इस साल महाराष्ट्र, झारखंड और हरियाणा में भी विधानसभा चुनाव होने वाला है। संभावना है कि चुनाव आयोग इन राज्यों के चुनाव की तारीखों का भी ऐलान कर सकता है। कांग्रेस ने इन चुनावों के लिए राज्य प्रभारी और प्रदेश अध्यक्षों के साथ बैठक की है। इसमें सीट शेयरिंग, टिकट वितरण और अभियान की रणनीति पर चर्चा हुई।

# डीएमएफ घोटाला : ईडी की प्रदेश के साथ ही महाराष्ट्र में दबिश, 1 करोड़ कैश के साथ फर्जी फर्मों के दस्तावेज जब्त

रायपुर (दावा)। जिला खनिज निधि (डीएमएफ) घोटाला की जांच कर रही केंद्रीय एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में एक साथ 4 स्थानों पर छापा मार कार्रवाई की है। छापे की यह कार्रवाई बेहद गोपनीय रखी गई। अब केंद्रीय एजेंसी ने बयान जारी करके छापे की जानकारी साझा की है। ईडी की तरफ से जारी बयान में बताया गया है कि डीएमएफ घोटाले से जुड़े छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के 04 स्थानों पर 09 अगस्त और 10 अगस्त को तलाशी अभियान चलाया है। इस दौरान 1.11 करोड़ रुपये की नकदी और बैंक बैलेंस जब्त पर प्रिज किया है। ईडी ने राज्य




सरकार के अधिकारियों और राजनीतिक अधिकारियों की मिलीभगत से डीएमएफ ठेकेदारों द्वारा सरकारी खजाने से पैसे निकालने में शामिल होने के लिए भारतीय दंड संहिता, 1860 की विभिन्न धाराओं के तहत छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा दर्ज 03 अलग-अलग एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की। यह मामला छत्तीसगढ़ में जिला खनिज निधि के धन के उपयोग में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# जगदंबिका पाल होंगे जेपीसी के चेयरमैन, कमेटी में 31 सदस्य मौजूद

नई दिल्ली। भाजपा के लोकसभा सांसद जगदंबिका पाल 'वक्फ (संशोधन) विधेयक-2024' पर विस्तार से विचार करने के लिए बनाए गए जेपीसी के चेयरमैन होंगे। पाल को 31 सांसदों वाली जेपीसी का चेयरमैन बनाया गया है।



केंद्रीय अल्पसंख्यक एवं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने हाल ही में समाप्त हुए संसद के सत्र में वक्फ कानून में बदलाव लाने के लिए लोकसभा में 'वक्फ (संशोधन) विधेयक-2024' पेश किया था। विपक्षी दलों और एनडीए गठबंधन में शामिल टीडीपी की मांग को मानते हुए सरकार ने इस बिल को जेपीसी में भेजना स्वीकार कर लिया। किरेन रिजिजू ने इस विधेयक को जेपीसी में भेजने का प्रस्ताव सदन में रखा था। विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े लोकसभा के 21 और राज्यसभा के 10 सांसदों को इस 31 सदस्यीय जेपीसी में शामिल किया गया है।

## 31 सदस्य शामिल

लोकसभा से जगदंबिका पाल, निशिकांत दुबे, तेजस्वी सूर्या, अपराजिता सारंगी, संजय जायसवाल, दिलीप सैकिया, अभिजीत गंगोपाध्याय, डीके. अरुणा, गौरव गोगोई, इमरान मसूद, मोहम्मद जावेद, मौलाना मोहिब्बुल्लाह, कल्याण बनर्जी, ए. राजा, लावु श्री कृष्ण देवरायलु, दिलेश्वर कामत, अरविंद सांवत, एम सुरेश गोपीनाथ, नरेश गणपत म्हस्के, अरुण भारती और असदुद्दीन ओवैसी सहित कुल 21 सांसदों को जेपीसी में शामिल किया गया है।

वहीं, राज्यसभा से बृज लाल, मेधा विश्राम कुलकर्णी, गुलाम अली, राधा मोहन दास अग्रवाल, सैयद नसीर हुसैन, मोहम्मद नदीमुल हक, वी. विजयसाई रेड्डी, एम मोहम्मद अब्दुल्ला, संजय सिंह और डी. वीरेंद्र हेगड़े सहित 10 सांसदों को इसमें जगह दी गई है। इस विधेयक पर विचार करने के बाद जेपीसी को संसद के अगले सत्र के पहले सप्ताह के आखिरी दिन अपनी रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है।




# शेयर घोटाला, जाति जनगणना, संविधान को लेकर देशव्यापी आंदोलन करेगी कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने हिंडेनबर्ग रिपोर्ट के खुलासे में सेबी प्रमुख पर लगे आरोपों को अत्यंत गंभीर बताते हुए कहा है कि पार्टी इस घोटाले के साथ ही संविधान तथा जाति जनगणना को लेकर देशव्यापी आंदोलन करेगी।



कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल तथा समाचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बैठक के बाद मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे की अध्यक्षता में कांग्रेस महासचिव, राज्यों के प्रभारी, प्रदेश अध्यक्षों तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई जिसमे लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ ही 56 नेता शामिल हुए। बैठक में शामिल हुए 36 लोगों ने विभिन्न मुद्दों पर अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। श्री वेणुगोपाल ने कहा कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट में जो खुलासा हुआ है वह अत्यंत गंभीर है और उसको लेकर कांग्रेस 22 अगस्त को देशव्यापी आंदोलन करेगी। कांग्रेस कार्यकर्ता उस दिन पूरे देश में ईडी कार्यालयों का घेराव करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी अडानी शेयर घोटाले, संविधान तथा जाति जनगणना जैसे मुद्दों को लेकर देशभर में आंदोलन करेगी। शेयर घोटाले में खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हैं। इसको लेकर देशभर में होने वाले आंदोलन में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे और सरकार पर हिंडेनबर्ग रिपोर्ट में प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की अध्यक्ष पर लगे आरोपों को लेकर संयुक्त राष्ट्रीय समिति-जेपीसी से जांच कराने की मांग करेंगे।

कांग्रेस नेता ने कहा कि दूसरा महत्वपूर्ण मुद्दा जाति जनगणना का है और इस पर पार्टी नेताओं ने आज गंभीरता से विचार किया। कांग्रेस इन तीनों मुद्दों को लेकर देशव्यापी आंदोलन करेगी और सरकार पर अपनी मांगों को मनवाने के लिए दबाव डालेगी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# आसाराम को राहत: कोर्ट ने दी 7 दिन की पैरोल, पुणे के आयुर्वेदिक अस्पताल में होगा इलाज

राजस्थान। जोधपुर की केंद्रीय जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम को इलाज के लिए 7 दिन की पैरोल मिल गई है। राजस्थान हाईकोर्ट के जस्टिस पुष्पेंद्र सिंह भाटी ने आसाराम को 7 दिन की पैरोल दे दी है। पैरोल के दौरान आसाराम को पुणे के माधोबाग आयुर्वेदिक अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया जाएगा । पिछले चार दिनों से आसाराम की तबियत बिगड़ने के कारण उन्हें जोधपुर के एआईआईएमएस में भर्ती कराया गया था। कोर्ट की मंजूरी के बाद अब आसाराम को इलाज के लिए महाराष्ट्र ले जाया जाएगा।

## पहले भी इलाज के लिए दी गई थी पुलिस कस्टडी

आसाराम ने पहले भी इलाज के लिए पैरोल की अर्जी दी थी, लेकिन उन्हें हर बार खारिज



कर दिया गया था। इससे पहले उन्हें जोधपुर के एक निजी आयुर्वेदिक अस्पताल में पुलिस कस्टडी में इलाज की अनुमति दी गई थी। वहां पुणे के डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज हुआ। आसाराम का आयुर्वेदिक इलाज किया जा रहा है। हाईकोर्ट ने आसाराम की तबीयत को देखते हुए 7 दिन की पैरोल देने का आदेश दिया।

## स्वास्थ्य बिगड़ने पर जोधपुर एम्स में भर्ती

बता दें कि एक सप्ताह पहले आसाराम की तबियत बिगड़ गई थी। इसके बाद आसाराम को जोधपुर के एम्स में भर्ती कराया गया था। वहां पर आसाराम की सेहत को देखते हुए डॉक्टरों की टीम ने इलाज किया। इसके बाद आसाराम ने फिर से पैरोल के लिए अर्जी दी, जिसे अदालत ने मंजूर कर लिया और उन्हें 7 दिन की पैरोल दी गई है। जोधपुर एम्स में भर्ती के दौरान उनकी सेहत पर नजर रखी जा रही थी।

## पैरोल के दौरान होगी विशेष निगरानी

पैरोल के दौरान आसाराम के स्वास्थ्य पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। अदालत ने यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा है (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बलात्कारी बाबा गुरमीत राम रहीम फिर आया जेल से बाहर, फॉलोअर्स को दिया संदेश

रोहतक। बलात्कार और हत्या के आरोपी गुरमीत राम रहीम 11वीं बार पैरोल पर सुनारिया जेल से बाहर आया। जेल से बाहर निकलने के बाद राम रहीम ने यूट्यूब पर वीडियो के माध्यम से अपने अनुयायियों को आशीर्वाद दिया।

वीडियो संदेश में राम रहीम ने अपने अनुयायियों से अपील की कि वे उससे मिलने के लिए आश्रम न आएं, बल्कि अपने-अपने घरों में ही रहें और सेवा करते रहें। राम रहीम ने इस वीडियो में कहा, सबको बहुत-बहुत आशीर्वाद, आपके दर्शन के लिए फिर से हाजिर हुए हैं, मालिक आप सबको बहुत-बहुत खुशियां दे। आपको अपने-अपने घरों में रहना है। किसी को यहां नहीं आना है। जैसे सेवादार भाई आपको बताएंगे, वैसी ही आपको सेवा करनी है। मालिक बहुत-बहुत आपको खुशियां दे। राम रहीम 21 दिनों तक बागपत के बरनावा डेरा आश्रम में रुकेगा।

## 21 दिन आश्रम में ही रहेगा बलात्कारी बाबा

हरियाणा सरकार ने बलात्कार और हत्या के आरोपी राम रहीम को एक बार फिर 21 दिनों के लिए फरलो मंजूर की है। मंगलवार को ये सुबह करीब साढ़े छ बजे जेल से बाहर आया और करीब साढ़े आठ बजे यूपी के बागपत जिले में स्थित बरनावा डेरा आश्रम पहुंचा। अब 21 दिनों के लिए यह आश्रम में ही रहेगा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# भूपेश बघेल बनाए जा सकते हैं एआईसीसी महासचिव

## दिल्ली में खरगे-राहुल से की मुलाकात, छत्तीसगढ़ कांग्रेस संगठन में भी हो सकता है बदलाव

रायपुर (दावा)। लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन में बड़ा बदलाव होने वाला है। बताया जा रहा है कि ओबीसी चेहरे को संगठन में शामिल किया जाएगा। ऐसे में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को बड़ी जिम्मेदारी मिलने की बात है। सूत्रों के मुताबिक, बघेल को एआईसीसी का महासचिव बनाया जा सकता है। वह प्रदेश में पार्टी का कद्दावर ओबीसी चेहरा हैं। बघेल ने कहा कि, क्या जिम्मेदारी मिलेगी, ये हाई कमान तय करेगा। वहीं प्रदेश कांग्रेस संगठन में भी बड़े बदलाव के संकेत मिले हैं।

कांग्रेस मुख्यालय दिल्ली में मंगलवार को महासचिव और प्रभारियों की बैठक शुरू होने से पहले सीएम बघेल ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़े और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ अलग से मुलाकात की। इसमें तय हुआ है कि बघेल को नई और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने जा रही है।

### कमजोर परफॉर्मेंस से संगठन में बदलाव

कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने पहले ही ये संकेत दे दिए थे कि, जिन राज्यों की लोकसभा चुनाव में परफॉर्मेंस कमजोर रही है। वहां संगठन में बदलाव किए जा सकते हैं। वहीं आने वाले दिनों में 4 राज्यों के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर संगठन को मजबूत करने के लिए एआईसीसी नए चेहरे लाए जा सकते हैं।

पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी मिलने के सवाल पर भूपेश बघेल ने कहा कि, एआईसीसी लगातार अलग-अलग समय में जिम्मेदारियां देती रही है। अब क्या जिम्मेदारी मिलेगी, वो हाईकमान तय करेगा। जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र के चुनाव में भी जिम्मेदारी मिलेगी तो बखूबी निभाया जाएगा। निकाय चुनाव में भी जिम्मेदारी मिलेगी काम किया जाएगा।



### भूपेश को एआईसीसी महासचिव बनाने का समीकरण

इस समय बदलाव और इसकी प्रकृति कई कारकों पर निर्भर करेगी। इसमें अन्य सीनियर नेताओं से प्रतिक्रिया और राज्य की राजनीतिक स्थिति का आकलन भी शामिल है।

सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व प्रदेश में बड़े नेताओं के बीच खींचतान को खत्म करने और एकता बहाल करने के मकसद के लिए ये बड़ा कदम उठाने जा रही है।

### प्रदेश अध्यक्ष को लेकर टीएस सिंहदेव के नाम की चर्चा

सियासी गलियारों में ये भी खबर है कि भूपेश बघेल को एआईसीसी में महासचिव की जिम्मेदारी देने के बाद टीएस सिंहदेव को प्रदेश अध्यक्ष बनाया जा सकता है। हांलाकि इसे लेकर अभी अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। दरअसल विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा में भी कांग्रेस की परफॉर्मेंस छत्तीसगढ़ में अच्छी नहीं रही। जबकि देश क दूसरे राज्यों में कांग्रेस का बेहतर प्रदर्शन रहा है। अब राज्यों में संगठन को मजबूत करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष समेत कार्यकारिणी में भी बदलाव किए जाने के संकेत मिल रहे हैं।

### सिंहदेव बोले- मुझसे पार्टी की बेहतरी के लिए सुझाव मांगे

वहीं दिल्ली से फैक्ट फाइडिंग कमेटी की बैठक में शामिल होकर लौटे पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि, उनसे पार्टी की बेहतरी को लेकर सुझाव मांगे गए। मुझे जिम्मेदारी दी जाएगी, इसे लेकर मेरे से कोई बात नहीं हुई है। सिंहदेव ने कहा कि, अभी नगरीय निकाय चुनाव होने हैं। दो-तीन महीने में आचार संहिता लग जाएगी। ऐसे में संगठन के नए लोगों को समझने में दिक्कत होगी। बाकी जो निर्णय आगे हाई कमान लेगा। जिम्मेदारी मिलने के सवाल पर कहा, जहां मुझे लगता है कि कारगर ढंग से काम कर सकता हूं, वहां करता हूं। जहां नहीं कर सकता, वहां बोलता हूं कि नहीं कर सकूंगा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# भाईयों की कलाई सजाने रंग-बिरंगी राखियों की लगी दुकानें


## लुभा रही स्वदेशी राखियां... कीमतों में मामूली वृद्धि, दूरस्थ भाइयों के लिए राखी भेजने पोष्ट आफिस ने की विशेष व्यवस्था, विदेश भेजी जा रही राखियां

राजनांदगांव (दावा)। भाई-बहनों के अटूट प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन 19 अगस्त को मनाया जाना है। हिन्दू संस्कृति के इस स्नेह बंधन के पर्व को अब मात्र 4 दिन ही शेष रह गए है। लेकिन रक्षा बंधन के इस इन्द्रधनुषी पर्व को लेकर बाजार पखवाड़े भर से सजा हुआ है।

शहर के मुख्य मार्केट गोल बाजार से लेकर जूनी हजरी, जयस्तंभ चौक, मानव मंदिर चौक, आजाद चौक व गुड़ाखू लाइन में रंग-बिरंगी राखियों की दुकाने करीने से सजी हुई है। चूंकि रक्षा बंधन के त्यौहार को मात्र 4 दिन रह गया है। इससे इन राखी दुकानों में खरीदारों की भीड़ बढ़ते जा रही है। खास कर पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने में आ रहा है। माताए-बहने अपने भाइयों की कलाई सजाने बाजार आकर अपने मन पसंद रंग-बिरंगी राखियां चयन कर रही है। इससे शहर की जगमग करती राखी दुकानों में महिलाओं की भीड़ ही नजर आ रही।

### पोस्ट आफिस की विशेष व्यवस्था

बता दे कि दूरस्थ स्थित अपने प्यारे-प्यारे भाइयों को राखी भेजने के लिए पोस्ट आफिस द्वारा इस बार विशेष व्यवस्था की गई है। राखी भेजने के लिए दो-दो कांउटर खोले गए है। इसके अलावा शहर के विभिन्न स्थानों में राखी बाक्स भी लगाए गए है। इसमें बसंतपुर स्थित कृषि उपज मंडी, मानव मंदिर चौक, रामाधीन मार्ग व पोस्ट आफिस परिसर का राखी बाक्स प्रमुख है। बताते चले कि पोस्ट आफिस के माध्यम से सैकड़ों राखियों के बीच कुछ लिफाफे भी विदेशों में भेजे जा रहे है। पोस्ट आफिस के परिसर से राखी बाक्स में रोजाना राखियां इतनी भर जा रही है कि इसे दिन में दो बार खोलने के बजाय चार-चार बार खोला जा रहा है और छटाई कर भाई-बहनों के पवित्र प्रेम व स्नेह के प्रतीक को सुरक्षित ढंग से गतंव्य तक भेजा जा रहा है।



### बाजार हुआ गुलजार

इस बार श्रावण मास की पूर्णिमा 19 अगस्त सोमवार को मनाया जाने वाले पर्व रक्षाबंधन को लेकर न केवल रंग-बिरंगी राखियों की दुकाने सजी है, शहर के गिफ्ट आइटम दुकान, सर्राफा दुकान व कपड़ों की दुकानों के अलावा चूड़ी फुंदरी वाली सौंदर्य प्रसाधन की दुकानें भी सजी हुई है। रक्षाबंधन के दिन भाईयों की कलाइया सजाने जहां बहने नए वस्त्र परिधान पहनकर सज-धज कर जाती है। वही भाइयों की कलाई सजाने के बाद उन्हें उनके मन पंसद गिफ्ट में नगद राशि सहित कपड़े व अन्य गिफ्ट आइटम दिए जाते है। किसी-किसी बहनों को मोबाइल व सोने-चांदी के उपहार भी मिलते है। इसके चलते बाजार में इन चीजों की खरीदारी बढ़ गई है।राखी के दिन अच्छी तरह सजने-सवरने के लिए कपड़े गहनों की खरीदारी व बहनों द्वारा ब्यूटी पार्लर की पहले से बुकिंग आदि से बाजार में रौनक देखी जा रही है।

लुभा रही स्वदेशी राखियां रक्षाबंधन पर्व को लेकर सजी रंग-बिरंगी राखियों के दुकान में इसकी विभिन्न व्हेरायटियां मौजुद है। जिनके दाम भी अलग-अलग है। वैसे कम कीमतों में बिकने वाली राखियों के दाम जस के तस है, वहीं ऊंची कीमत में बिकने वाली सोने-चांदी व जड़ाउ नग से निर्मित राखियों के दाम में मामूली वृद्धि हुई है। इस बार पूरे देशभर में स्वदेशी निर्मित राखियों का क्रेज देखने में आ रहा है। बहना इस बार अपने भाईयों की कलाई में श्रीराम लला, शिव महाकाल, रूद्राक्ष की राखियां बांधेगी।

बाजार में महिला समूह द्वारा तैयार किए गए गेंहू-धान व गोबर से बनी राखिया भी आ गई है। वही बच्चों में पहली पंसद तिरंगा राखी सहित मिकी माउस, डोरमेन, छोटा भीम व नोबिता वाली राखिया बनी हुई है। शहर के कुछ दुकानदारों ने चांदी से बनी राखिया मंगाई है जो बहनों को काफी आकर्षित कर रही है। बाजार में एंटी राखी, भैया-भाभी राखी, लोडिज राखी, चांवल सून ब्रेसलेट राखी, रूद्राक्ष डोरी राखी भी पंसद किए जा रहे है। इनकी कीमतें 10 रूपए से लेकर 100 रूपए तक प्रति नग बना हुआ है। मानव मंदिर चौक में राखी दुकान लगाए हेमचंदन झाबक ने बताया कि उंची राखियों में मात्र 10 से 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जबकि कम कीमत वाले राखियों के दाम जब के तहत बने हुए हैं, इससे राखियों का व्यापार अच्छा जा रहा है।

# ड्राय डे पर अवैध शराब खपाने की तैयारी वाले आरोपी दबोचे गए



**एक्टिवा वाहन व एक स्कूटी सहित 201 नग देशी शराब जब्त**

राजनांदगांव (दावा)। जिले की छुरिया पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में ड्राय डे पर अवैध शराब खपाने की तैयारी में जुटे आरोपियों को धरदबोचा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 08 ए जे 6942 में रखा 100 नग देशी प्लेन मदिरा कीमती 8 हजार रूपये कुल कीमती 68 हजार रूपये एवं एक प्लेजर स्कुटी वाहन क्रमांक सीजी 08,ए वी 1381 में रखे 101 नग जम्मू डिलक्स, ग्राण्ड कोलंबिया एवं सेण्डीकेट व्हीस्की कीमत 13130 रूपये कुल कीमती 73130 रूपये कुल जुमला कीमती 141130 रूपये की बरामदगी हुई है। छुरिया पुलिस द्वारा आरोपियो के नाम कुलेश्वर कुमार लाउत्रे पिता बाबुलाल लाउत्रे उम्र 21 साल निवासी बापूटोला व टिकेश पाल पिता कैलाश पाल उम्र 24 साल निवासी पाटेकोहरा बताया गया है।

बता दें कि जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा अवैध शराब बिक्री/परिवहन जुआ, सट्टा की रोकथाम हेतु जिले में चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ आशीष कुंजाम के प्रर्यवेक्षण में मंगलवार 13 अगस्त को छुरिया पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि देशी शराब भट्ठी के पास कुछ लोग आने जाने वालों से अतिरिक्त शराब खरीदवांकर जमा कर रहे है। उक्त सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहों के देशी शराब भट्ठी के पास मुखबीर के बताये स्थान पर जाकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। इस पर मौके से कुलेश्वर कुमार लाउत्रे से एक एक्टिवा वाहन में रखे 100 नग देशी प्लेन मदिरा व टिकेश पाल से एक प्लेजर स्कूटी वाहन में रखे 101 नग जम्मू डिलक्स ग्राण्ड कोलंबिया एवं सेण्डीकेट व्हीस्की शराब जप्त कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

उक्त कार्यवाही में निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास, प्रधान आरक्षक अंजीत नेताम एवं आरक्षक जयराम निषाद साइबर सेल प्रभारी विनय पम्मार, परिवेश वर्मा का विशेष योगदान रहा।

# श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 22 को



रायपुर (दावा)। मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से समय-समय पर न्यू राजेंद्र नगर अमलीडीह स्थित है श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया जाता है अब इसी कड़ी में 22 अगस्त गुरुवार को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 तक श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल में हृदय रोग जनरल एवं लेप्रोस्कोपी सर्जरी परामर्श शिविर का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसमें अनुभवी एवं प्रख्यात चिकित्सक डॉ.जोगेश विशनदासानी (हृदय रोग विशेषज्ञ) एवं डॉक्टर अभिजीत सिंह (जनरल एवं लेप्रोस्कोपी सर्जन) मरीज को निःशुल्क परामर्श प्रदान करेंगे उक्त निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर में मरीजों को ईसीजी और ईसीएचओ में 30प्रतिशत की छूट, जांच में 15 प्रतिशत छूट दवाइयो पर 5 प्रतिशत की छूट एवं भर्ती में 10 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की जा रही है। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जोगेश विशनदासानी ने बताया कि निःशुल्क परामर्श में मरीज को होने वाली तकलीफे है जैसे सीने में दर्द, भारी, घुटन, दबाव, घबराहट वह बेचैनी रहना व श्वांस फुलना शारीरिक कार्य करने श्वांस तेज चलना गठियाबात, संविदा असामान्य धड़कन, चक्कर व बेहोशी आना शरीर का नीला पड़ना आदि हृदय संबंधी रोग पर उचित बेहतर चिकित्सा सुविधा दी जाएगी। जनरल एवं लेप्रोस्कोपी सर्जन डॉक्टर अभिजीत सिंह ने बताया कि निःशुल्क परामर्श शिविर में अंतरी एवं अग्नाशय संबंधित रोग, फिशर, भंगदर, पथरी का इलाज, हाइड्रोसील, पाइल्स, लेप्रोस्कोपी हाइट्स हर्निया, पाइलोनीडल साइंस, स्तन में किसी भी प्रकार की गांठ एवं स्तन एवं दूरबीन पद्धति द्वारा सर्जरी, अपेंडिक्स, गॉलब्लैडर, सभी प्रकार के हर्निया, ओवेरियन सिस्ट का बेहतर उचित इलाज किया जाएगा।

# बचपन स्कूल में 'टैलेन्ट शो' का कार्यक्रम



राजनांदगांव (दावा)। में दिनांक 10 अगस्त 24 शनिवार को 'बचपन स्कूल' दुर्गा चौक, दिग्विजय कॉलेज रोड राजनांदगांव में नन्हे-नन्हे विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने के लिए एकेडमिक गतिविधियों के अंतर्गत ''टैलेन्ट शो'' का कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें लगभग 150 विद्यार्थियों ने अपने अंदर समाहित प्रतिभा का प्रदर्शन गीत - संगीत, नृत्य तथा वाद्य यंत्र का वादन एवं अन्य क्षेत्रों में कला का प्रदर्शन किया।

सर्वप्रथम संस्था के प्रमुख तथा अतिथियों द्वारा सरस्वती माता की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न वेश भूषा में अपने ''टैलेन्ट''का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 150 विद्यार्थी शामिल हुए इस अवसर पर जज के लिए पधारे अतिथियों में मनीष साहू (कोरियोग्राफर) 'वेलनटीनो के डायरेक्टर' व आशीष साहू (संगीतकार व गायक) 'एंजल बैंड के संस्थापक ने प्रत्येक नन्हें विद्यार्थियों की टैलेन्ट की सराहना करते हुए निर्णय किए व उनका उल्लास के साथ उत्साहवर्धन किया संस्था के डायरेक्टर सुनील गोलछा राकेश पारख व टीकम सोनी ने भी प्रत्येक विद्यार्थियों की कला, प्रतिभा की सराहना की व उनका उत्साह बढाया तथा शाला की प्राचार्या श्रीमती स्मृति दिवेदी व समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इस सराहनीय कार्य को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम को 6 वर्गो में वर्गीकृत किया गया।

वर्ग 1 में प्री-नर्सरी तथा नर्सरी से यशश्री देशपांडे (प्रथम), समायरा पारख (द्वितीय) तथा अली रजा गौरी (तृतीय) स्थान पर रहें। वर्ग 2 में आर्वी पारख (प्रथम) दृश्ना जैन (द्वितीय) तथा अमीरा रजा (तृतीय) स्थान पर रहे। वर्ग 3 में कौस्तुभ शर्मा, वाची जैन (प्रथम), अरिष्ठ ओस्तवाल, रोमाना फातिमा (द्वितीय) तथा अनय मोटलानी (तृतीय) स्थान पर रहे। वर्ग 4 में रोशिका गौतम (प्रथम) सिद्धांत पारख (द्वितीय) तथा काव्या चौरड़िया (तृतीय) स्थान पर रहें। वर्ग 5 में जसलीन कौर बग्गा (प्रथम), शिवान्या गुप्ता (द्वितीय) तथा स्वर्णा जोशी (तृतीय) स्थान पर रहे । वर्ग 6 में प्रिशा ठावरे (प्रथम), धर्मेश साहू (द्वितीय) तथा प्रकृति बैद (तृतीय) स्थान पर रहे। वर्ग 7 में अनन्या शाह (प्रथम), वान्या शर्मा (द्वितीय) याना जैन (तृतीय) स्थान पर रहें। कार्यक्रम का समापन एवं आभार प्रदर्शन शाला प्रोग्राम की हेड निधि दीक्षित व ज्योति शर्मा के द्वारा किया गया।

# जिला साहू संघ में भागवत साहू करेंगे ध्वजारोहण



राजनांदगांव (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर प्रदेश साहू संघ के निर्देशानुसार प्रत्येक सामाजिक भवन में ध्वजारोहण का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला साहू संघ राजनांदगांव में ध्वजारोहण प्रातः 8 बजे जिला साहू संघ के जिलाध्यक्ष भागवत साहू के करकमलों से किया जाना है। इस अवसर आप सभी सम्मानित सामाजिक बन्धुओं पदाधिकारीयों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अपेक्षित है। साथ ही सभी ग्राम परिक्षेत्र तहसील संघ भी अपने अपने भवन में समयानुसार ध्वजारोहण कार्य करेंगे एवं ध्वजारोहण पश्चात एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण कार्य पूर्ण करेगें। उक्त जानकारी नीलमणी साहू जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणी साहू ने दी है।

# गोलू बने म्यूनिस्पल स्कूल के अध्यक्ष



राजनांदगांव (दावा)। भाजयुमो के जिला महामंत्री गोलू सूर्यवंशी को सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम स्कूल जो शहर की प्रतिष्ठित संस्थानों में शुमार है में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग रायपुर एवं जिले के प्रभारी मंत्री, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने उपरोक्त नियुक्ति की है।

# पेंशनर्स एसो. छ.ग. प्रदेश के प्रबंध कार्यकारिणी समिति का गठन




राजनांदगांव (दावा)। पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष का चुनाव 28 जुलाई 2024 को सम्पन्न हुआ। डॉ.के.एल. टांडेकर को सर्व सम्मति से प्रांताध्यक्ष के पद पर निर्वाचित किया गया। नव नियुक्त प्रांताध्यक्ष डॉ.के.एल.टांडेकर द्वारा पुरानी कार्यकारिणियों को भंग की गयी। नई कार्यकारिणी के गठन तक कार्यकारी के रूप में पुरानी कार्यकारिणी अपने कार्यो को सम्पादित करते रहेंगे। डॉ.के.एल.टांडेकर प्रांताध्यक्ष पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश द्वारा प्रदेश प्रबंध कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया, जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया- संरक्षक डी.एन. साहू, प्रांताध्यक्ष- डॉ.के.एल.टांडेकर, प्रांतीय महामंत्री- के.पी.सिंह, उपप्रांताध्यक्ष- दीपक कुमार सिन्हा, प्रांतीय कोषाध्यक्ष- आर.पी. लांचकर कवर्धा, प्रांतीय सह सचिव ए.के. महेश्वरी मोहला-मानपुर-अं.चौकी, प्रांतीय संगठन सचिव- श्रीमती हसीना खान दुर्ग, प्रांतीय संगठन सचिव राजेश कुमार रथी, प्रांतीय मीडिया प्रभारी चंद्रकांत देव राजनांदगांव। प्रांताध्यक्ष डॉ.के.एल.टांडेकर द्वारा संगठन को मजबूत करने सभी पेंशनर साथियों से अपील की।

# काली पट्टी बांधकर कोलकाता में हुए रेप-मर्डर का विरोध

राजनांदगांव (दावा)। कोलकोता के एक अस्पताल में एक महिला रेजिडेंट डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के विरोध में जहां देशभर के सरकारी अस्पतालों के रेजिडेंट डॉक्टर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए, वहीं राजनांदगाँव मेडिकल कॉलेज के पीजी, जूनियर और इंटर्नी डॉक्टरों (करीब 200 डॉक्टर) ने आज काली पट्टी लगाकर काम किया, वहीं रायपुर के 300 जूनियर डॉक्टर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। एक-दो दिनों में राजनांदगाँव मेडिकल कॉलेज के सभी पीजी, जूनियर और 200 इंटर्नी डॉक्टर भी अनिश्चितकालीन हडलात पर जा सकते है। इन डॉक्टरों के हड़ताल पर जाने से शासकीय मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ्य सुविधाएं चरमरा जाएगी।















## कार्यालय कलेक्टर जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी

**(आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग)**

क्रमांक/790/आजाक/निर्माण/2024 मोहला,दिनांक 12/08/2024

प्रति,

निम्नांकित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 04/09/2024 सायं (5.00) तक है:-

| क्रं. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | निविदा की राशि (लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 157280 | विकासखंड मुख्यालय मोहला में मॉडल जैतखाम निर्माण की स्थापना | 23.46 |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल hattps://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**सहायक आयुक्त**
**आदिवासी विकास जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी**

जी- 242501795/1

## न्यायालय तहसीलदार छुरिया

**मामले की श्रेणी- राजस्व**

**संदर्भ - जिला- राजनांदगांय तहसील- छुरिया प.ह.न.-00020 छुरियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CG-2024-25-128-1-627**

### ईश्तहार

तहसील दुरिया के प.ह.नं. 00020 के अंतर्गत गाम छुरियाकला के बर्तमान भूमिस्वामी KUSHAL RAM पिता MANRAKHAN पता- WARD NO 03 SITABARDI CHHURIYA के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 423/2(0.0729) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता ASHOK KUMAR JAMBULKAR पिता GAUTAM JAMBULKAR पता-WARD NO 02 N. P. CHHURIYA के नाम पर पंजीयन फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती खाता विभाजन लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04/09/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार छुरिया पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्तिः स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दाबा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/08/2024 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार, तहसील-छुरिया**

## न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगाँव (छ.ग.)

रा. मा. क्र. 202408093700010
अ-6 वर्ष 2023-24

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका संतोषी बाई वर्मा ध.प. धीरज वर्मा, निवासी-सुभाष कालोनी, मोतीपुर जिला राजनांदगाँव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव के मोहल्ला मोतीपुर स्थित शीट क्रमांक 11 सी, भूखण्ड क्रमांक 47/2, क्षेत्रफल 125.82 वर्गमीटर जो धारक रंगूलाल आ. स्व. मोतीलाल वर्मा, निवासी मोतीपुर, राजनांदगाँव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूखण्ड में से क्षेत्रफल 104.075 वर्गमीटर पर पंजीकृत दान-पत्र के आधार पर नजूल अभिलेख में नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/ संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 28.08.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 08.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल जांच, राजनांदगांव**

## न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगाँव (छ.ग.)

रा. मा. क्र.-202408093700005
अ-6 वर्ष 2023-24

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बंशीराम बघेल आ. मोतीलाल बघेल, निवासी-नंदई वार्ड नं. 42, राजनांदगांव तहसील व जिला-राजनांदगांव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव के मोहल्ला नंदई स्थित शीट क्रमांक 49 डी, भूखण्ड क्रमांक-139/13, क्षेत्रफल 45.54 वर्गमीटर जो धारकगण बंशीलाल आ. स्व. मोतीलाल सतनामी, अजय बर्मन आ. दयाराम बर्मन सतनामी, निवासी- डबरीपारा, सतनामीपारा, राजनांदगाँव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर पंजीकृत बटवारानामा के आधार पर नजूल अभिलेख में नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/ संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 28.08.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 08.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल जांच, राजनांदगांव**

## न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

### ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202408092100018
अ /74- वर्ष 2023-24

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका पेमीन पति जैनेन्द्र जाति गोड निवासी ग्राम कन्हारगांव तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम कन्हारगांव पटवारी हल्का नं. 02 तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में स्थित भूमि खसरा 31. 85, 709 रकबा 0.829, 0.632 0.255 हेक्टेयर कुल खसरा 03 कुल रकबा 1.716 हेक्टेयर भूमि आवेदिका के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कही गुम हो चुका है। उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कही गुम हो जाने के कारण आवेदक को शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्य में परेशानी हो रही है। उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र मयः बी-1, अदेय प्रमाण पत्र तथा प्रथम सूचना रिपोर्ट, चलान की मूल प्रति पेश किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 30.08.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया

**नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ ( छ.ग. )**

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
2-4-8
568-9 360-9
राजधानी
3-5-6
589-2 269-7

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता
## लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग राजनांदगांव (छ.ग.)
## टेन्ट/शामियाना दर आमंत्रण सूचना

दर आमंत्रण विज्ञप्ति क्रमांक 4738/टेंट/24-25/वलेसहा राजनांदगांव, दिनांक 12.08.2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग संभाग राजनांदगांव हेतु टेन्ट/शमियाना कार्य के लिए पंजीकृत संस्थान (शॉप एक्ट पंजीयन एवं जी.एस.टी. पंजीयन) से फार्म 'ई' में दर आमंत्रण की जाती है:-

1. **आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 02/09/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक**
2. **भाव पत्र प्राप्त करने की प्रस्तुत अंतिम तिथि :- 12/09/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक**
3. **भाव पत्र खोलने की तिथि :- 13/09/2024 अपरान्ह 11.30 बजे**

| | |
|---|---|
| अमानत राशि | रू.2,00,000/- (राष्ट्रीकृत बैंक का एफ.डी.आर.) |
| प्राप्त दर | **दिनांक 31.03.2025 तक के लिए मान्य होगा।** |
| प्रपत्र-मूल्य | **रू. 750/-** |
| स्वीकृत दर | अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग दुर्ग मण्डल दुर्ग ज्ञापन क्रमांक 1916/सा/2022 दुर्ग दिनांक 13.03.2023 द्वारा स्वीकृत दर (टेंट, शामियाना हेतु)। अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग (वि./यां) रायपुर मण्डल रायपुर ज्ञापन क्रमांक 2015/सा/विविध-09/2018-19 दिनांक 27.10.2021 द्वारा स्वीकृत दर (माईक, लाईट हेतु) (उपरोक्त दर जी.एस.टी. सहित है) |

**टीपः- शेष नियम एवं शर्ते कार्यालय से प्राप्त करें।**

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग राजनांदगांव (छ.ग.)**

जी- 242501785/2

## कार्यालय कलेक्टर, कबीरधाम

**(आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग)**

ई-मेल- actd.kabeerdham@nic.in

क्रमांक /1331/EMRS/ आजाक/2024-25 कबीरधाम, दिनांक 02/08/2024

### निविदा सूचना

जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति कबीरधाम जिला कबीरधाम द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय तरेगांव जंगल वि.खं. बोड़ला जिला कबीरधाम के संचालन हेतु सत्र 2024-25 हेतु पंजीकृत फर्म/आपूर्तिकर्ताओं से खाद्य सामग्री, सब्जी, फल मांसाहारी सामग्री, दैनिक उपयोग सामग्री, हेयर कटिंग, प्रदाय करने हेतु मुहर बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कबीरधाम के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर (जी.एस.टी. प्रमाण पत्र सहित) रू. 500.00 (रू. पांच सौ मात्र) का चालान निम्नानुसार शीर्ष में जमा कर दिनांक 22.08.2024 को संध्या 5.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।

**निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि 22.08.2024 समय शाम 5.00 बजे तक**
**निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 23.08.2024 दोपहर 12.00 बजे**
**निविदा खोलने की तिथि 23.08.2024 सायं 3.00 बजे**

अधिकृत बैंक में जमाशीर्ष-'मुख्यशीर्ष 0250-अन्य सामाजिक सेंवाएं, लघुशीर्ष-102- अनुसूचित जाति/अनु.ज.जाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग कल्याण योजना से प्राप्तियां, योजना क्रमांक - 0175' में शासकीय चालान जमा करते हुए उक्त तिथि में फर्म का आवेदन एवं चालान की मूल कापी प्रस्तुत कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है।

**सहायक आयुक्त**
**आदिवासी विकास कबीरधाम**

जी- 242501781/1

# विवेक सिंह पर लगे आरोप निराधार राजनीति से प्रेरित




राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों मोहला-मानपुर पुलिस द्वारा पकड़े गए कथित नक्सली एजेंट विवेक सिंह का खाता मारीशस बैंक में मिलने व उसके एकाउंट की पुष्टि मारीशस बैंक के मुंबई शाखा में होने की बात भी सामने आ रही है। इन सब बातों को नकारते हुए पुलिस द्वारा गिरफ्तार विवेक सिंह पर लगे आरोपों को विवेक के पिता व भाई तथा सर्व आदिवासी समाज मोहला-मानपुर, चौकी के जिलाध्यक्ष ने एक प्रेस वार्ता लेकर इसे आधारहीन और राजनीति से प्रेरित बताया है।

सर्व आदिवासी समाज के गोविंद साहवालके ने कहा कि विवेक सिंह का नक्सलियों से कोई संबंध नहीं है। वहीं विवेक का उसके साथ गिरफ्तार बीजापुर के 4 लोगों का भी कोई संबंध नहीं बताया गया। उनसे कभी भी कोई बातचीत और लेनदेन नहीं हुआ है। विवेक 2007 से रायपुर में रहता है, साल में दो या तीन बार ही मानपुर निवास में परिवार वालों के पास आता है। गोविंद साहवालके का कहना है कि सूरजू टेकाम के यूएपीए के तहत दर्ज प्रकरण में विवेक का नाम सिर्फ इस लिए जोड़ा गया है क्योंकि वह उनका फ्लाइट का टिकट किया था, जबकि टिकट के लिए बस्तर से कोई पैसा नहीं आया है, पैसा स्थानीय सरपंच पति के द्वारा डाला गया था, जो स्वयं उसके साथ दिल्ली गया था। विवेक एवं उसके परिवार का बिल्डिंग मटेरियल सप्लाई आधार पेमेंट, बीमा एजेंसी सहित सीएससी केंद्र का काम है, जो लगभग ऑनलाइन ही होता है, उसी के लेनदेन बैंक खातों के माध्यम से होता है, जिसके कारण ही सूरजू टेकाम जो कि सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष के फ्लाइट का टिकट कुछ कमीशन लेकर सरपंच पति के कहने पर करवाया था। किसी के फ्लाइट का टिकट बुक करना अपराध नहीं है। ऐसे में तो उस व्यक्ति जो दुकान से किराना समान देता है, उसके गाड़ी में पेट्रोल भरता है, मोबाइल रिचार्ज करने वाले सभी अपराधी हो जाएंगे और वो दिल्ली से जिस ट्रेन से वापस आये वो सब अपराधी हो जाएंगे ?

प्रेस वार्ता में बताया गया कि विवेक सिंह का परिवार 1967 से मानपुर में निवासरत है और क्षेत्र के समस्त जातियों बिरादरियों से करीबी संबंध रहा है। हमेशा क्षेत्रीय व्यापार में विवेक सिंह का सहयोग रहा है। खुदरा एवं थोक सीमेंट व्यापार के कारण नियमित स्थानीय किसानों के खातों में पैसों का लेन-देन होता है। सर्व आदिवासी समाज के हित में सभी समाज से करीबी संबंध स्थानीय भाजपा नेताओं को रास नहीं आ रहा।

**सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष व विवेक के परिजनों का चौंकाने वाला बयान**

### विवेक के परिवार का योगदान

पूर्व मुख्यमंत्री के दिवंगत पिता नंदकुमार बघेल कांग्रेस के सरकार बनने के पूर्व से अर्थात भूपेश बघेल के सीएम बनने के पहले से ही सर्व आदिवासी समाज के कार्यक्रमों में वक्ता के रूप में आते रहें हैं लेकिन भूपेश बघेल के सीएम बनने के बाद भाजपा सब बातों को कांग्रेस से जोड़ रही है, वो बहुत ही गलत है। क्षेत्र में आदिवासियों की समस्याओं और उनके हक अधिकार के लिए हमेशा होने वाले कार्यक्रमों में विवेक के परिवार का हमेशा से योगदान देने के कारण भाजपा के स्थानीय नेताओं को छटपटाहट के वजह से नक्सली सहयोगी होने का आरोप लगाया जा रहा है। जबकि परिवार कई नक्सल पीड़ितों को भी सहयोग करते आ रहे हैं। भाजपा महामंत्री एवं सासंद के कई तरह के गलत बयानबाजी से ये स्पष्ट हो गया है कि साजिश किस स्तर की है । जैसे-विवेक के पास कभी भी 12 ट्रक नहीं थे, अभी मात्र 1 ट्रक है लेकिन मीडिया में बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत कर के आदिवासियत के साथ अपनी पुरातन संस्कृति सभ्यता के साथ जीवन यापन कर रहे मानपुर क्षेत्र में आदिवासियों के बीच अपनी जमीन तलाश कर रही है। भाजपा निरंतर सामाजिक कार्यो से विवेक सिंह एवं उनके परिवार की अपनी एक जगह स्थापित हो चुकी थी जो स्थानीय भाजपा नेता को पसंद नहीं आ रहा है। इसी के चलते भाजपा नेता द्वारा अनर्गल और तथ्यहीन बयान देकर स्थानीय लोगों में अविश्वास पैदा करने की कोशिश की जा रही है। आंबेडकरवादी विचारधारा और बहुजन सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में पहचान भाजपा नेता को उनके एजेंडे के खिलाफ देखकर सर्व समाज में बिखराव उत्पन्न करने की कोशिश की जा रही है। स्थानीय भाजपा महामंत्री जो स्वयं कभी भी कुछ कमाए बगैर लोगों से वसूली कर के अपना आलीशान जीवन यापन कर रहे हैं। मीडिया में लगाए गए आरोप का विवेक सिंह का परिवार एवं सर्व आदिवासी समाज जिला इकाई मोहला-मानपुर इसका खंडन करता है।

### भाजपा प्रवेश करने का बना दबाव

प्रेस वार्ता में आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष गोविंद साहवालके ने कहा कि हाल ही में हुए 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के पूर्व भाजपा नेता के द्वारा सामाजिक कार्यकर्ताओं को यह भी धमकी दिया गया है कि अगर जेल जाने से बचना है तो सभी समाज के साथ भाजपा प्रवेश कर लो, इन तमाम बातों से स्पष्ट है कि साजिश बहुत नियोजित तरीके से शासन और प्रशासन मिलकर कर रहे हैं, ताकि लोग डरे और भाजपा के एजेंडे के लिए काम करें।

## साप्ताहिक जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों

राजनांदगांव (दावा)। जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों, जनसमान्य एवं आगंतुकों को जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित छत्तीसगढ़ जनमन मासिक पत्रिका का निःशुल्क वितरण किया गया। जनमन पत्रिका पाकर सभी ने खुशी जाहिर की। जनमन पत्रिका विकसित भारत, छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ते कदम अंतर्गत शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई है। जनमन शासन की लोकहितकारी योजनाओं का अच्छा संकलन है। जनमन पत्रिका में मोदी @ 3.0 रचा इतिहास, सीएम ने बचपन से की है खेती इसलिए समझते हैं, गारंटी पर काम मजबूत हुआ विश्वास, महतारी वंदन के बाद अब महतारी सदन, बस्तर में सुरक्षाबलों को भारी सफलता, भारत के अंतरिक्ष विज्ञान में बढ़ते कदम, बस्तर की सांस्कृतिक समृद्धि संबंधित आलेख एवं सफलता की कहानियां है।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह का शौर्य परेड मैदान पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में किया गया अंतिम रिहर्सल





राजनांदगांव (दावा)। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का रिहर्सल आज सुबह 9 बजे शौर्य परेड मैदान पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में किया गया। अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर ने रिहर्सल में मुख्य अतिथि का दायित्व निभाया। अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर आईजी दीपक झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग उपस्थित थे। रिहर्सल के दौरान ध्वजारोहण कर गार्ड आफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत आईजी दीपक झा ने सभी को तिरंगा शपथ दिलाई। सभी अधिकारियों ने हर घर तिरंगा सेल्फी पाईंट में फोटो खिंचवाई। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अंतिम रिहर्सल कर व्यवस्था का जायजा लिया।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने तैयारियों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समारोह स्थल में बैठक व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से वीआईपी बैठक व्यवस्था के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, शहीद जवानों के परिजनों, पत्रकारों एवं जनसामान्य के लिए भी बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समारोह स्थल की साज-सज्जा एवं सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा। रिहर्सल के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा देश भक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी गई।

**अपर कलेक्टर ने निभाया मुख्य अतिथि का दायित्व**

रिहर्सल के दौरान स्वतंत्रता दिवस समारोह के परेड का नेतृत्व परेड कंमाडर उप पुलिस अधीक्षक श्री नवीन कुमार एक्का ने किया। निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव ने परेड टू-आई-सी का दायित्व निभाया। परेड में 13 प्लाटून भाग ले रहे हैं। परेड में 38वीं वाहिनी आईटीबीपी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 8वीं बटालियन राजनांदगांव, पीटीएस बल पुरूष राजनांदगांव, जिला पुलिस बल पुरूष, नगर सेना, जिला पुलिस बल महिला, एनसीसी दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव, एनसीसी कमला कॉलेज राजनांदगांव, एनसीसी बालक स्टेट स्कूल एवं एनसीसी बालक म्यूनिसिपल स्कूल, एनसीसी बालिका स्टेट स्कूल एवं एनसीसी बालिका म्यूनिसिपल स्कूल, एनसीसी डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र बसंतपुर स्कूल, स्काउट-गाईड महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल शामिल हुए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरस्वती बंजारे, डिप्टी कलेक्टर हितेश्वरी बाघे सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# विवेक ने अमेरिका से मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की डिग्री प्राप्त कर शहर को गौरवान्वित किया



डोंगरगढ़ (दावा)। शहर के वरिष्ठ नागरिक के.के. वर्मा के पुत्र विवेक वर्मा ने पेपरडाइन यूनिवर्सिटी, अमेरिका से एमबीए (मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) की डिग्री प्राप्त किया है। केदार बड़ी वार्ड नंबर 3 के निवासी विवेक वर्मा ने डोंगरगढ़ स्थित खालसा स्कूल से 12 वीं (गणित एवं बायो) कक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करने के बाद देश के सर्वश्रेष्ठ यूनिवर्सिटी में शामिल जादवपुर यूनिवर्सिटी, कोलकाता से वर्ष 2007 में बीई (प्रिंटिंग) की डिग्री प्राप्त किया। विवेक के पिता श्री वर्मा ने बताया कि, विवेक को कोलकाता में एडमिशन के बाद डेंटल कॉलेज, राजनांदगांव से बीडीएस डिग्री हेतु पत्र प्राप्त हुआ था, किंतु उन्होंने इंजीनियरिंग करना उचित समझा। वर्ष 2010 से अमेरिका में निवासरत विवेक ने वर्ष 2014 में फियोनिक्स (फिनिक्स) यूनिवर्सिटी, अमेरिका से एमएस, (मास्टर ऑफ साइंस) की डिग्री तथा अगस्त 2024 में पेपरडाइन यूनिवर्सिटी, अमेरिका से एमबीए (मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) की डिग्री प्राप्त किया। सभी उपलब्धियां विवेक ने लॉस एंजिल्स अमेरिका में इंजीनियर की सर्विस के दौरान हासिल की है। पुत्र को मिल रही अनेक उपलब्धियो की जानकारी होने पर शुभचिंतकों ने श्री वर्मा को बधाई दी और बेटे के उज्जवल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रकट की है।

**शहर के वरिष्ठ नागरिक के.के. वर्मा को शुभचिंतकों ने दी बधाई**

# पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा हेमू कॉलोनी चौक में होगा ध्वजारोहण

राजनांदगांव(दावा)। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में वीर शहीद हेमू कालानी की स्मृतियों को याद करते हुए सभी वीर शहीदों को नमन करते हुए स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा इस वर्ष भी हेमू कालानी चौक पर प्रातः 9.30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। राष्ट्रगान के पश्चात समाज के नन्हें बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुति भी होगी। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मनुमल मोटलानी ने बताया कि ध्वजारोहण में मुख्य रूप से वरिष्ठ सलाहकार अर्जुनदास पंजवानी, आवतराम तेजवानी, घनश्यामदास गंगवानी एवं बक्साराम अंदानी तथा झूलेलाल पंचायत के अध्यक्ष ब्रह्मानंद बजाज विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। पूज्य सिंधी पंचायत के महासचिव अमर लालवानी एवं मीडिया प्रभारी अर्जुन गंगवानी ने समाज के अधिकाधिक लोगों से उपस्थित का आह्वान किया है।

## राजपूत भवन में महापौर करेगी ध्वजारोहण

राजनांदगांव (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के शुभ दिन पर हर वर्ष की भांति झंडारोहण का कार्यक्रम छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा भवन में सुबह 10 बजे महापौर श्रीमती हेमा देशमुख एवं पूर्व महापौर सुदेश देशमुख की आतिथ्य में ध्वजारोहण का कार्यक्रम रखा गया हैं। जिसकी अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राजपूत समाज के सरंक्षक डॉ. रमेश प्रताप भदौरिया के अध्यक्षता में किया जाएगा अतः समाज के सभी सम्माननीय सदस्यों से निवेदन है कि 15 अगस्त के शुभ अवसर पर सुबह 10 बजे उपस्थित होकर ध्वजारोहण के कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

# 120 फीट शिवलिंग का क्रेन के सहारे होगा अभिषेक, पंडितों द्वारा किया जायेगा मंत्रोच्चार



राजनांदगांव (दावा)। सावन माह में शिव भक्ति का माहौल है। संस्कारधानी में भगवान शिव जी का महाभिषेक पानी और दूध से होगा। 16 अगस्त को महाभिषेक होगा। 120 फीट ऊंची प्रसिद्ध मंदिर मां पाताल भैरवी मंदिर में मंत्रोच्चार के बीच महाभिषेक होगा। इसमें विशाल लोटे को क्रेन (महालक्ष्मी ट्रेडर्स भिलाई) के माध्यम से मंदिर के ऊपर ले जाकर यह आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर शहर के शिव भक्तों द्वारा आयोजित इस ऐतिहासिक कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अंतिम रूप दिया जा चुका है। इस संबंध में आयोजन समिति के तथागत पांडेय ने बताया कि बर्फानी सेवाश्रम समिति के भव्य मां पाताल भैरवी मंदिर में यह आयोजन किया जाना है जिसकी व्यापक तैयारियां की गई है।

### होगी पुष्प वर्षा

श्री पांडेय ने बताया कि भक्तिमय माहोल में बर्फानी आश्रम के पंडितों द्वारा निरंतर मंत्रोच्चारण किया जाएगा। इस पूरे आयोजन को लेकर आयोजन समिति को मंदिर समिति ने सहमति भी प्रदान कर दी है।

**आयोजन का दूसरा वर्ष**

### टैंकरों से पहुंचेगा पानी

कार्यक्रम के लिए लगभग 6 हजार लीटर दूध एवं पानी की व्यवस्था टैंकरों के माध्यम से की जाएगी। भगवान शिव को अर्पित जल एवं दूध को एकत्र कर शिवनाथ नदी में विसर्जित किया जाएगा।

### लेजर शो एवं आरवीएस डीजे का होगा भव्य कार्यक्रम

प्रदेश के सुप्रसिद्ध डीजे संचालक रितेश शर्मा (आर वी एस डीजे) द्वारा साउड सिस्टम से लैस रहेगा। यह आयोजन एवम श्याम वर्मा (श्याम लाइट) द्वारा भव्य लेजर शो भी देखने को मिलेगा।

ज्ञात हो कि अचल सहित देशभर में पहचान बना चुकी मंदिर की ऊंचाई लगभग 120 फीट है, जो विशाल शिवलिंग के रूप में है। मंदिर की गोलाई लगभग 116 फीट है। मंदिर के गर्भगृह में काली स्वरूपनी मा पाताल भैरवी की प्रतिभा है। प्रथम तल में राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दस महाविद्या एवं द्वितीय तल में ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ की स्थापना की गई है। इस विशाल मंदिर में 16 अगस्त को दोपहर 5 बजे ऐतिहासिक रूप से भगवान शिव का अभिषेक किया जाएगा।

इस अनूठी आयोजन के लिए विशाल लोटा बनाया गया है,* जिसे 500 फीट ऊंची क्रेन महालक्ष्मी ट्रेडर्स भिलाई द्वारा क्रेन के माध्यम से मंदिर के ऊपर ले जाया जाएगा और प्रतिकात्मक रुद्राभिषेक किया जाएगा। आयोजक तथागत पाण्डे ने समस्त भक्तजनों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अद्भूत दृश्य का लाभ उठाए।

# आज भाजपा कार्यालय में विभाजन विभीषिका स्मृति

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी की ओर से 1947 में देश की स्वतंत्रता के साथ हुये विषमयकारी विभाजन विश्व का सबसे बड़ा विस्थापन व लाखों लोगों के जान गॅवाने की विभाजन विभीषिका स्मृति पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये है। भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय जी.ई.रोड में आज दिनांक 14 अगस्त को शाम 04.00 बजे संगोष्ठी का आयोजन किया गया है, संगोष्ठी में प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरीशंकर अग्रवाल व रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहेंगे।

इसके अलावा जिले के भाजपा के वरिष्ठ नेता भी संगोष्ठी में शिरकत करेंगे। इसके पूर्व शिवाजी पार्क बूढ़ा सागर परिसर नये बस स्टैण्ड के सामने आमलोगों के लिये विभाजन विभीषिका को चित्रित करने वाली प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी। भाजपा कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी के पश्चात् एक मौन जूलूस भी निकाला जायेगा जो प्रदर्शनी स्थल तक जायेगा। जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल व इस आयोजन के प्रभारी जिला भाजपा के महामंत्री राजेन्द्र गोलछा ने पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व मोर्चा-प्रकोष्ठ के लोगों से उपरोक्त तीनों कार्यक्रमों में उपस्थित रहने का आग्रह किया है। इस दौरान विभाजन की विभीषिका झेलने वाले अनेक लोगों का अभिनन्दन व सम्मान किया जायेगा।

**संगोष्ठी व मौन जुलूस भी**

# राशन दुकान की सुविधा के साथ छपारावासियों को मिली सड़क की सौगात



डोंगरगढ़(दावा)। लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा नेताओं द्वारा ग्रामीणों से किए गए वादों को निभाने से ग्रामीणों को सुविधाए मिलनी प्रारंभ हो गई है। इसी कड़ी में विकासखंड डोंगरगढ़ के ग्राम छ्पारा के ग्रामीणों को राशन दुकान के साथ-साथ सुगम आवागमन हेतु 1 करोड़ 73 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सड़क की सौगात मिली है।

ग्रामीण हेमू पटेल ने बताया कि राशन की सुविधा मिलने से सभी ग्रामीणों को अच्छा लग रहा है। ग्रामवासियों से निरंतर संपर्क में रहने वाले जनपद सदस्य रवि अग्रवाल द्वारा ग्रामीणों को अब तक दी गई अनेकानेक सुविधाओं में राशन व सड़क की सुविधा और जुड़ गई। इसके लिए ग्रामीणों ने रवि अग्रवाल सहित मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, अभिषेक सिंह, प्रदेश भाजपा महामंत्री पूर्व विधायक रामजी भारती के प्रति कृतज्ञ प्रकट की है।

**ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री सहित वरिष्ठ नेताओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट की**

# मुख्य गली मार्ग में नाली व शौचालय का अवैध निर्माण



डोंगरगढ़(दावा)। मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंद्रकांत शर्मा द्वारा जारी किए गए आदेश की संबंधित विभाग के कर्मचारियों द्वारा अवहेलना करने पर अतिक्रमणकारी के विरुद्ध पीड़ित परिवार ने जनदर्शन में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। मामला शहर के वार्ड नंबर 13 स्थित बुधवारी पारा के भीतरी भाग का है। जहां निवासरत पीएम आवास की हितग्राही उर्मिला साहू पति भुनेश्वर साहू ने डोंगरगढ़ राजस्व विभाग में पदस्थ राजस्व निरीक्षक के निर्देशानुसार गली से तीन फीट जगह छोड़कर अपने मकान का निर्माण किया था। उर्मिला साहू द्वारा छोड़ी गई 3 फीट जगह पर बहल साहू पिता झुमुक साहू द्वारा अतिक्रमण कर उस पर शौचालय व नाली का निर्माण कर लिया गया। जिसकी शिकायत पीड़ित परिवार द्वारा प्रशासन से की गई थी। डोंगरगढ़ राजस्व विभाग की रिपोर्ट के आधार पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा एक माह पूर्व 6 जुलाई को अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी किया गया था। किंतु संबंधित विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने की दिशा में कोई पहल नहीं की गई। जिससे पीड़ित परिवार द्वारा जनदर्शन में जिला कलेक्टर के समक्ष की गई शिकायत पर जिला कलेक्टर द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए डोंगरगढ़ सीएमओ को निर्देश दिया है कि जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाकर पीड़ित परिवार को राहत प्रदान करें।

**० अतिक्रमण हटाने हेतु पालिका अधिकारी द्वारा जारी आदेश की अवहेलना कर रहे हैं कर्मचारी और अतिक्रमणकारी**

### कलेक्टर द्वारा त्वरित कार्रवाई का आश्वासन मिला पीड़ित परिवार

पीड़ित उर्मिला साहू के पति मुनेश्वर साहू ने बताया कि वस्तु स्थिति से अवगत होते ही जिला कलेक्टर द्वारा डोंगरगढ़ नगर पालिका के मुख्य कार्य पालन अधिकारी को निर्देश जारी करते हुए त्वरित कार्रवाई कर अतिक्रमण हटाने को कहा है। मुझे जिला प्रशासन पर पूरा विश्वास है।

# शहर के दीपेश चौबे की एक और उपलब्धि, सीनियर डिवीजन हॉकी लीग में रनर्स अप का खिताब



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी के हॉकी खिलाड़ी दीपेश चौबे की टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए पुणे सीनियर डिवीजन हॉकी लीग 2024 में रनर्स अप खिताब अपने नाम किया। सीनियर डिवीजन हॉकी लीग जो की 21 जून से 11 अगस्त 2024 तक मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम, पिंपरी - चिंचवाड़, पुणे में खेला गया।

इसमें, इनकम टैक्स, सेंट्रल रेलवे, क्रीड़ा प्रबोधिनी बालेवाड़ी (स्टेट हॉस्टल), पीसीएमसी (विक्रम पिल्ले) अकादमी, सिटी पुलिस, एफ सी आई एवं सीजीएसटी कस्टम्स पुणे जेसी कुल 7 दिग्गज टीमों ने हिस्सा लिया।

हर सप्ताहांत में यह मैच खेला जाता था जिसमे सारी टीमों ने पहले एक दूसरे के साथ लीग मैच खेला। अनंत, टॉप की 4 टीमों ने सेमी फाइनल में जगह बनाई, जिसने कस्टम्स पुणे ने दूसरे नंबर पर अपनी जगह सुनिश्चित कर ली और सेमी फाइनल में सेंट्रल रेलवे को 4-2 से हरा कर फाइनल खेला। फाइनल मुकाबले में बालेवाडी स्टेट हॉस्टल से हार कर रनर्स अप की ट्रॉफी अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता, महाराष्ट्र हॉकी के प्रचलित प्रतियोगिताओं में से एक है जो की प्रति वर्ष, हॉकी पुणे एवं हॉकी महाराष्ट्र के संरक्षण में कराया जाता है। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ओलंपियन राहुल सिंह, ओलंपियन विक्रम पिल्ले, ओलंपियन देवेंद्र वाल्मीकि, जैसे हॉकी जगत की हस्तियां शामिल हुए। इस उपलक्ष्य में दीपेश चौबे, जो की विगत पांच वर्षो से कस्टम्स पुणे में कर सहायक अधिकारी की पोस्ट पर कार्यरत है साथ ही इस टीम के एक सक्रिय खिलाड़ी भी है, इन्हे कस्टम्स आयुक्तालय, पुणे, के आयुक्त एवं अपर आयुक्त द्वारा कार्यालय में सम्मानित किया गया।

## हिंदू जन आक्रोश रैली 16 को

राजनांदगांव (दावा)। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए अत्याचार के विरोध में समस्त हिंदू समाज राजनांदगांव ने 16 अगस्त दिन शुक्रवार दोपहर 12:00 बजे महावीर चौक ओवर ब्रिज के नीचे सभी नगरवासियों से आग्रह है कि इस जन आक्रोश रैली में स्वस्फूर्त अपनी संस्थान बंद रखकर रैली में शामिल होकर समर्थन करें।

## अनमोल दावा

> सर उठाकर फक्र से चलने की हसरत हो अगर तो सीखिये गर्दन कहां कितनी झुकानी चाहिए

# भारत की आजादी की सफलता का आधार

भारत छोड़ो आंदोलन की ऐतिहासिकता और उसके असर को जानने के पहले उस दौर की अंतरराष्ट्रीय ऐतिहासिक घटनाओं को जानना इसलिए जरूरी है कि सभी घटनाएं भारत की आजादी की सफलता का आधार तैयार करने का कार्य कर रही थीं। एक सितम्बर, 1939 को द्वितीय विश्व युद्ध की शुरुआत हुई और इसी दिन जर्मनी ने पोलैंड पर आक्रमण किया। ब्रिटेन इस युद्ध से अलग नहीं रह सकता था। इसलिए तथाकथित लोकतंत्र और आजादी के नाम पर ब्रिटेन ने 3 सितम्बर, 1939 को जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी।

गौरतलब है कि कांग्रेस ने विश्व युद्ध में ब्रिटेन का साथ और समर्थन दोनों दिया। सैकड़ों की तादाद में भारतीयों ने ब्रिटेन की सेना में सैनिक बनकर जर्मनी और जापान की सेनाओं से युद्ध किया। जिस अलोकतंत्रीय ढंग से भारत को विश्व युद्ध में झोंक दिया गया, उसका विरोध कांग्रेस ने किया जरूर, लेकिन जनता के दबाव की वजह से किया। विश्व युद्ध में भारतीयों को झोंकने का यह भी मकसद था कि जो जान-माल का नुकसान हो वे भारतीयों का ही हो, अंग्रेज सिपाहियों का कम से कम हो। वायसराय ने मनमाने ढंग से युद्ध की घोषणा ही नहीं की, बल्कि भारतीयों को आजाद करने का कोई आश्वासन भी नहीं दिया। इससे कांग्रेस नेताओं को घोर निराशा हुई जिसका विरोध प्रकट करने के लिए गांधी, नेहरू और स्वामी श्रद्धानंद सहित 52 कांग्रेसी नेताओं ने वायसराय से मुलाकात की। वायसराय ने भारतीय नेताओं की बातें सुनीं और 17 अक्टूबर, 1939 को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि कांग्रेस की मांग अव्यावहारिक है कि तुरंत भारतीयों को सत्ता हस्तांतरित कर दी जाए। दूसरी महत्त्वपूर्ण घोषणा यह की कि सारी संवैधानिक योजना पर युद्ध के बाद ही विचार किया जाएगा। वायसराय ने तीसरी बात कही कि एक सलाहकार समिति का गठन किया जाएगा जो उन्हें युद्ध संचालन से ताल्लुक रखने वाले विषयों पर राय देगी।

वायसराय की तीनों घोषणाओं को सभी भारतीय दलों और नेताओं ने मानने से साफ मना कर दिया। गौरतलब है कि तब भारत का बंटवारा नहीं हुआ था और आठ राज्यों में कांग्रेस की प्रांतीय सरकारें अंगेजों की देख-रेख में शासन कर रही थीं। आठों प्रांतों की सरकारों ने त्यागपत्र दे दिया और उधर प्रांतों का शासन गवर्नरों ने संभाल लिया। लेकिन इससे जिन्ना और उसकी मुस्लिम लीग को अपार खुशी हुई और उसने इसे 'मुक्ति दिवस' के रूप में जोर-खरोश के साथ मनाया।

इससे हिन्दू-मुस्लिम नफरत का नया दौर शुरू हुआ जो लगातार पाकिस्तान के विभाजन तक लगातार दुश्मनी के रूप में जारी रहा है। अंग्रेज यही चाहते थे कि हिन्दू-मुसलमानों में ऐसी दरार पैदा कर दी जाए जो उनकी हुकूमत और नीतियों के लिए मील का पत्थर साबित हो। इतिहास बताता है कि अंग्रेज अपनी इस नीति में पूरी तरह इसलिए सफल रहे क्योंकि जिन्ना जैसा देशद्रोही और पदलोलुप राजनेता उनके मन मुताबिक कार्य करने लगा था।

1939 में वायसराय से कांग्रेस ने जो मांग भारत की आजादी के संदर्भ में रखी थी उसे वायसराय ने मानने से मना कर दिया था जिसके खिलाफ कांग्रेस की आठ प्रांतों में गठित सरकारों ने त्यागपत्र दे दिया और अंग्रेजों ने अपनी शर्त के मुताबिक कांग्रेस नेताओं को झुकाने का षड्यंत्र रचा था, उसमें वे पूरी तरह कामयाब रहे, लेकिन अंग्रेजों की शतरे को उसी का कांग्रेस ने 7 जुलाई, 1940 को कार्यसमिति की बैठक, जो पूना में हुई थी (इतिहस में पूना प्रस्ताव के रूप में दर्ज) में स्वीकार करते हुए कहा गया कि ब्रिटिशा राज सत्ता को कांग्रेस मदद देने के लिए तैयार है लेकिन युद्ध खत्म हो जाने के बाद भारत को पूरी तरह आजाद करना होगा। कांग्रेस की इस मांग को वायसराय लॉर्ड लिनलिथगो ने नहीं माना। युद्ध की वजह से अंतरराष्ट्रीय हालात अति गंभीर होते जा रहे थे।

ब्रिटिश शासन को लगा कि भारतीयों को लगातार दरकिनार किया जाता रहेगा तो हालात और भी नाजुक हो सकते हैं। ब्रिटिश प्रधानमंत्री चर्चिल ने भारत के राजनीतिक गतिरोध दूर करने के नाम पर एक नया दिखावा किया। सर स्टैफन क्रिप्स को भारत भेजा। 22 मार्च, 1942 को क्रिप्स भारत पहुंचे। उन्होंने अपने प्रवास के दौरान हिन्दू महासभा, मुस्लिम लीग और कांग्रेस के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और पांच प्रस्ताव भारतीयों के सामने रखे गए। ये प्रस्ताव 1940 के प्रस्तावों से अच्छे थे लकिन इतने अच्छे नहीं थे कि भारतीय नेताओं को संतुष्ट कर पाते। गांधी ने इन्हें सिरे से खारिज कर दिया और 5 जूलाई 1942 को-'अंग्रेजों भारत छोड़ो' की घोषणा कर दी। इस आंदोलन ने भारतीयों को सीख दी कि भारत का हित जिसमें हो उसके लिए आपसी मतभेद और मनभेद भुला कर एक स्वर में आवाज बुलंद करनी चाहिए। दूसरी बात, आजाद देश से ही अवाम की प्रगति, विकास और खुशहाली का राह खुलती है। तीसरी सीख यह लेने की जरूरत है कि वतन के लिए कोई भी बड़े से बड़ा बलिदान देने में हिचकिचाना नहीं चाहिए।

# अहम सवाल भारत और बांग्लादेश के संबंधों का

**विनीत नारायण**

भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में जो हुआ उसने कई तरह के सवाल खड़े किए हैं परंतु इन सबमें अहम सवाल भारत और बांग्लादेश के संबंधों का है।

पड़ोसी और मित्र होने के चलते जिस तरह भारत ने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और अपदस्थ नेता शेख हसीना को दिल्ली में शरण दी है वह आने वाले समय में भारत और बांग्लादेश के संबंधों पर गहरा असर डाल सकता है क्योंकि आम बांग्लादेशियों की नजर में शेख हसीना और भारत एक दूसरे के पर्याय माने जाते हैं। ऐसे में अगले कुछ महीने दोनों देशों के रिश्तों के लिए तनाव भरे भी हो सकते हैं। बांग्लादेश में बनी मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार भारत के साथ किस तरह पेश आती है, यह अभी कहा नहीं जा सकता। यह हमारी चिंता का विषय रहेगा।

कई देशों में भारत के राजदूत रहे अनिल त्रिगुणायत के अनुसार यह ऐसा संकट है जो वाजिब संदेह से परे नहीं है। दुनिया में सबसे लंबे समय तक सत्तारूढ़ रहीं महिला प्रधानमंत्री और बांग्लादेश में सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली प्रधानमंत्री शेख हसीना का बांग्लादेश में हो रहीं घटनाओं के त्वरित क्रम में, अचानक इस्तीफा, निष्कासन और प्रस्थान अप्रत्याशित था। उनके कार्यकाल के दौरान उनके प्रशासन ने बांग्लादेश को महत्त्वपूर्ण स्थायित्व प्रदान किया। इसके कारण उसकी आर्थिक प्रगति भी प्रभावशाली रही पर साथ ही शेख हसीना के शासन में बढ़े भारी भ्रष्टाचार और उनके अहंकार के साथ-साथ उन पर चुनावों में गड़बड़ी करवाने के आरोपों ने उनकी विरासत को कलंकित किया। अपने ही दल के लोगों को स्वतंत्रता सेनानी बता कर सरकारी नौकरियों में लगातार तीस फीसद आरक्षण देना युवाओं में उनके भारी विरोध का मुद्दा बना।

हालांकि जुलाई के तीसरे सप्ताह में बांग्लादेश के सर्वोच्च न्यायालय ने इसे सुलटा दिया था। फिर भी यह विवाद का बड़ा मुद्दा बना रहा। इसी के चलते 300 से अधिक छात्रों और प्रदर्शनकारियों की मौत के साथ स्थिति बिगड़ गई। वो महत्त्वपूर्ण मोड़ था जब सेना ने प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने से इनकार कर दिया। यह घटनाक्रम श्रीलंका और मिस्र में देखे गए संकटों की प्रतिध्वनि है। इस बीच, बांग्लादेश नेशनिलस्ट पार्टी की नेता बेगम खालिदा जिया की नजरबंदी रद्द कर दी गई है जो फिर से सक्रिय हो रही हैं। वे कट्टरपंथियों और पाकिस्तान के करीब मानी जाती हैं। हमारे लिए यह चिंता का कारण है। उधर, बांग्लादेश की सेना के लिए भी आने वाला समय आसान नहीं है क्योंकि सेना प्रमुख ने जनता विशेषकर छात्रों से इतनी बड़ी संख्या में हुई मौतों के मामले में कार्रवाई और जांच का आश्वासन देते हुए सहयोग मांगा है। ऐसा है तो क्या उग्र और अनियंत्रित भीड़ द्वारा शेख हसीना के कार्यालय, आवास और संसद में की गई तोड़फोड़ को नजरअंदाज किया जाएगा? गौरतलब है कि बांग्लादेश के लोगों खासकर युवाओं को लंबे समय तक चलने वाला सैन्य शासन पसंद नहीं है। यदि एक समय के बाद सत्ता का लोकतांत्रिक हस्तांतरण नहीं किया गया तो सेना को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

अंतरराष्ट्रीय मामलों के कुछ जानकर ऐसा भी मानते हैं कि बांग्लादेश में आरक्षण ही मुद्दा होता तो शेख हसीना जनवरी, 2024 में भारी बहुमत से चुनाव कैसे जीतीं? ऐसा क्या हुआ कि मात्र छह महीनों में ही उन्हें देश छोड़ कर जाने पर मजबूर होना पड़ा? उनका कहना है कि पाकिस्तान बांग्लादेश के अलग होने से बिल्कुल भी खुश नहीं था। उसकी जासूस एजेंसी आईएसआई हमेशा से बांग्लादेश में सक्रिय रही है जिसने इस तख्तापलट की पटकथा लिखी है क्योंकि शेख हसीना ने पिछले 15 वर्षो से भारत के साथ अच्छे संबंध रखे और वे भारतीय हितों को पोषित करने वाली मानी जाती थीं जिससे पाकिस्तान बेचैन था। ऐसे पड़ोसी मित्र का सत्ता से अचानक हटना भारत के लिए चिंता का सबब अवश्य है। प्रश्न है कि भारत जैसे मजबूत देश और भारत का एक तेज-तर्रार खुफिया तंत्र होने के बावजूद ढाका में होने वाले राजनैतिक घटनाक्रम की भनक तक क्यों नहीं लगी? क्या इसे भी पुलवामा की तरह 'इंटेलिजेंस फेलियर' माना जाए? उल्लेखनीय है कि 1975 में भारत की इंटेलिजेंस एजेंसियों को बांग्लादेश में तख्तापलट की भनक लगी तो तब भारत की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने एक सप्ताह पहले ही हेलीकॉप्टर भेज कर शेख मुजीबुर रहमान को भारत में शरण लेने की सलाह दी थी, परंतु वे नहीं माने। परिणामस्वरूप उन्हें और उनके बेटों और परिवार के 17 सदस्यों को ढाका में उनके घर में ही मार दिया गया। यदि उसी तरह हमारी खुफिया एजेंसियां ढाका में होने वाले ताजा घटनाक्रम की खबर समय रहते दे देतीं तो शायद प्रधानमंत्री मोदी बांग्लादेश को संकट से बचा भी सकते थे।

दूसरी ओर, यदि हमारे पास घटनाक्रम की जानकारी थी तो हमने बांग्लादेश के समर्थन में समय रहते कठोर कदम क्यों नहीं उठाए? विदेशी मामलों के ये जानकार यह भी कहते हैं कि भारत ने 2014 तक अपनी कूटनीति के चलते दक्षिण एशिया में पाकिस्तान को अपने पांव पसारने नहीं दिए। नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका, बांग्लादेश, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और भारत सहित सात देशों के समूह ने भारत की पहल पर ही सार्क का गठन किया जिसमें पाकिस्तान के अलावा भारत के सभी से अच्छे संबंध रहे, परंतु किन्हीं कारणों से हमारी विदेश नीति में कुछ ऐसे परिवर्तन हुए कि 2015 के बाद से सार्क देशों की एक भी बैठक नहीं हुई। सार्क के बिखरते ही चीन ने अपनी विस्तारवादी नीति के चलते पहले पाकिस्तान और फिर भारत के अन्य पड़ोसी देशों में भी अपने पांव पसारने शुरू कर दिए परंतु यह सब होते हुए हम चुपचाप बैठे देखते रहे।

नतीजतन, आज भारत चारों और से चीन के प्रभाव वाले पड़ोसियों से घिर गया है। अब छोटे से देश भूटान को छोड़कर कोई हमारा मित्र नहीं है। बांग्लादेश के साथ हमारा लाखों करोड़ का व्यापार चल रहा है। दोनों देशों के बीच काफी लंबी सीमा भी लगती है जो हमारी बड़ी चिंता का विषय है। इसलिए हमारे हक में होगा कि बांग्लादेश में जो भी सरकार चुनी जाए वह भारत के हित की ही बात करे वरना जहां हमारी दो सीमाएं पहले से ही नाजुक स्थिति में हैं, कहीं हम चारों ओर से दुश्मनों से घिर न जाएं। अब यह उत्सुकता से देखना होगा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के बाद जो भी सरकार बने वह भारत के साथ कैसे संबंध रखती है। इसलिए ढाका में हुए घटनाक्रम को दिल्ली को गंभीरता से लेना होगा।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 232 : श्री राम ने माताओं से भेंट और अनुमति के लिए कक्ष से किया प्रस्थान

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



यह मानव इतिहास की एक विलक्षण घटना है जब एक वैभवशाली राज्य के सुख सुविधाओं के अधिकारी राजकुमार स्वेच्छा से वनगमन करने को तैयार हैं। राजपद पर वर्चस्व के लिए लड़ाइयां होती हैं। रक्तपात भी होता है। ऐसे महिमापूर्ण राजपद को छोड़ कर वन के कष्टों को सहने के लिए तत्पर होना त्याग का सर्वोत्कृष्ट उदाहरण है। अयोध्या के राजकुमार राम अपने दुःखी पिता से प्रस्थान की आज्ञा चाह रहे हैं। माता कैकेई अपनी बात से पीछे हटने को तैयार नहीं हैं।

श्री राम ने पिता के चरण स्पर्श करते हुए कहा, ''मैं बड़ी माता और मंझली माता से भेंट कर और उनका आशीर्वाद लेकर वापस आता हूं पिताजी। इसके बाद आपसे पुनः भेंट कर अयोध्या से प्रस्थान करुंगा। आप निश्चिंत रहें। अनुज भरत कुछ ही दिनों में यहां पहुंच जाएंगे और सब पूर्ववत हो जाएगा।''

राजा दशरथ यह सुनकर रोने लगे।श्री राम ने माता कैकेई के भी चरण स्पर्श किए। श्री राम के लिए भी यह क्षण भावनाओं से परिपूर्ण था। पिता की इच्छा है कि राम वन न जाएं और माता कैकेई चाहती हैं कि राम शीघ्र ही वन चले जाएं। बाहर एक विशाल जन समुदाय एकत्र है, जो अयोध्या के अभिषेक कार्यक्रम के महा उत्सव के प्रारंभ होने की प्रतीक्षा में है। राजा दशरथ श्रीराम को बाहर जाते हुए देखने लगे। अपने हाथ के संकेत से उन्होंने श्री राम को रोकने का प्रयत्न किया, लेकिन मुख से शब्द निकल नहीं पाए और राजा अचेत होकर शय्या पर पुनः गिर पड़े।

राज वैद्य ने कुछ औषधियां दी हैं। रानी कैकेई ने एक पात्र में औषधि की कुछ बूंदें डालीं और उसमें जल मिलाकर महाराज को देने लगी।

महाराज दशरथ ने उन्हें झिड़कते हुए कहा, ''मुझे तुम्हारे हाथ से कुछ भी नहीं चाहिए कैकेई! तुम अगर अमृत दोगी तो वह भी मेरे लिए विष बन जाएगा।''

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## सामचिक चर्चा

### जहां अहंकार, वहां तकरार

खबर पढ़कर  
एकदम स्तंभित होकर  
बानी बोले- ''सुनो तो, गजाधर!  
हिमाचल प्रदेश के मण्डी से सांसद  
और फिल्म एक्ट्रेस कंगना रनौत ने  
लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर  
उनके हिडनबर्ग केस के बयान को लेकर  
भयानक हमला किया।  
कंगना ने राहुल गांधी को  
सबसे खतरनाक, जहरीला और  
विनाशकारी आदमी बता दिया।  
इस पर मेरा ऐसा सोचना है गजाधर!  
कि भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को  
कंगना रनौत को समझाना चाहिए  
कि इस तरह से, किसी के बारे में,  
कुछ भी नहीं बोलना चाहिए।  
आपका क्या कहना हैं?''  
गजाधर मुस्कराए बोले- ''अरे भाई!  
वो बड़बोली कंगना है।  
उनके दिलो-दिमाग में  
भरा हुआ है जबर्दस्त अहंकार।  
इसलिए कंगना को समझा सकना,  
बहुत मुश्किल है यार!''



– गिरीश बख्शी

## इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्जिंग की सुविधा

इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्जिंग की सुविधा देने के लिए नेशनल हाई-वे पर भी बड़ी संख्या में चार्जिंग स्टेशन बनाए जा रहे हैं, ताकि अंतर शहरी इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिग इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर हो और लोग निश्चिंत होकर लंबी दूरी की यात्राएं कर सकें। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय के अनुसार भारी उद्योग मंत्रालय ने पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत तीन तेल विपणन कंपनियों के माध्यम से कुल 7432 ईवी चार्जिग स्टेशनों में से 5833 को हाई-वे के किनारे लगाने का लक्ष्य रखा है। 5293 स्टेशन तैयार भी बताए जा रहे हैं। तेल विपणन कंपनियों को इन चार्जिंग स्टेशनों के लिए आठ सौ करोड़ की पूंजी भी सब्सिडी भी दी गई है। इनमें पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अंतर्गत 178 करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए 4729 ईवी चार्जिग स्टेशन भी शामिल हैं।

टाटा की चार बड़े ऑपरेटरों द्वारा दो साल के भीतर ही दस हजार नये स्टेशन स्थापित करने की भी योजना पर काम जारी है। हालांकि टेस्ला दुनिया की सबसे बड़ी फास्ट चार्जिंग नेटवर्क की मालिक है। जो अपने ई-वाहनों को तयशुदा वक्त तक मुफ्त चार्ज करने की सुविधा प्रदान करती है। इस तरह की आकषर्क योजनाओं द्वारा खरीदारों को इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद के प्रति प्रोत्साहित किया जा सकता है। चूंकि देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग में लगातार वृद्धि हो रही है, जिसको देखते हुए सरकार वितरण, पारेषण व इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास व रख-रखाव को लेकर गंभीर है। इसीलिए केंद्र सरकार द्वारा सब्सिडी व छूट दी जा रही है। हैरत है कि कुछ राज्य सरकारें कई जगह चार्जिग स्टेशनों पर 18 फीसद जीएसटी लगा रही हैं, जिससे वाहन चालकों पर यह बोझ बढ़ सकता है। इलेक्ट्रिक वाहनों को काफी किफायती माना जा रहा है। ये पर्यावरण के अनुकूल तो हैं ही। इनका रख-रखाव करने में भी विशेष दिक्कत नहीं आती। अब तक ई-वी की चार्जिग को लेकर संशय बना रहता था। जो इस सुविधा से काफी हद तक संतुष्ट हो सकते हैं।

## कविता

### शिव-कृपा



जब कोई हमारे कर्मों को गिनने लगे  
जब कोई हमारे घर के सामने कचरा करने लगे  
तो समझो हमारे साथ शिव जी चल रहे हैं !  
जब आयोजन में बुलाने से कोई भूलने लगे  
जब ऐरा-गैरा समझकर कोई नजरअंदाज करने लगे  
तो समझो हमारे साथ शिव जी चल रहे हैं !  
जब ईर्ष्यावश कोई मुँह बनाने लगे  
बात-बात पर कोई मुँह फुलाने लगे  
तो समझो हमारे साथ शिवजी चल रहे हैं !  
ऐसी कृपा उस अवढरदानी की हो रही है  
संसार विरुद्ध उसकी मितानी हो रही है  
तो समझो हमारे साथ शिवजी चल रहे हैं!

– राजेश चौबे युगांतर पब्लिक स्कूल


## कविता

### अपनो के लिये

खीच ना जाए कहि रेखा  
मुझे हारना पड़ता है हर बार  
क्यो की मै डरता हुँ बहुत  
आदृश्य दरारो से  
मेरी कोशिश है हरदम  
तुफान थम जाए  
गरजते बरसते बादल  
रिमझिम फुहार बनकर  
मेरे ढहते दीवारो को  
गिरने से बचा ले  
इसलिये हर बार मुझे  
जितने से जादा  
हारने में खुशी मिलती है  
हारने से आंनद नहीं मिलता  
लेकिन जीतकर जो खोता  
उसे खोने से बच जाता हुँ  
मै इतने में खुश हुँ


– पवन यादव ''पहुना''  
ग्राम-सुन्दरा

## राशिफल



**मेष**

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपके ऊपर आप भगवान की कृपा बनी रहेगी और आप अच्छे काम करेंगे। आज आपका मन भावनात्मक तौर पर अधिक मजबूत रहेगा। आपका दिन परोपकार के कार्यों में लग सकता है। आज आप अपने किसी सहकर्मी या मित्र की सहायता कर सकते हैं जिससे आपके मन को बहुत संतुष्टि मिलेगी।




**वृषभ**

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपका आपके जीवन साथी के साथ किसी बात को लेकर चल रहा वाद विवाद आज समाप्त हो सकता है। अपने परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर आप थोड़ा सा चिंतित हो सकते हैं।आप अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखेंगे। व्यापार करने वाले लोगों के लिए दिन सामान्य रहेगा।




**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज अपना कामकाज को आप अपने समय से पूरा कर लेंगे, जिससे आपका मन संतोष रहेगा। बहुत दिनों से आप अपने काम को लेकर परेशान थे, यदि आप सामाजिक या राजनीति क्षेत्रों कोई काम करते हैं, तो आपको मान सम्मान व प्रतिष्ठा प्राप्त हो सकती है।




**कर्क**

आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपको अपने खर्चों के प्रति सावधान रहना होगा। आप व्यर्थ के खर्चों पर अधिक ध्यान ना दें, अपने सामानों को खरीदने से पहले एक आवश्यक कार्यों के लिस्ट बनाएं कि किस समान की अधिक आवश्यकता है, केवल उसी समान को अधिक खरीदे।



**सिंह**

आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। अगर आपका किसी कारण से मन परेशान है, तो उसे शांत रखने के लिए आप अपने बच्चों के साथ थोड़ा सा समय बताएं, तो आपका मन अच्छा हो जाएगा। आप अपने संतान की सेहत को लेकर लापरवाही ना बरते अन्यथा आपको बाद में पछताना हो सकता है।




**कन्या**

आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज व्यक्तिगत जीवन की जिम्मेदारियों का निर्वाहन करेंगे। इस राशि के राजनीतिज्ञों को लोगों का समर्थन मिलेगा। लोग आपके कार्यों की तारीफ करेंगे। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आयेगी। आपके दांपत्य जीवन में सुख सौहार्द्र की वृद्धि होगी।



**तुला**

आज आपका दिन खुशी से भरा रहेगा।आपके कामों की गति धीमी रहेगी, लेकिन मित्रों के साथ आपके संबंध बेहतर रहेंगे इसके साथ ही आप परिवार में सबको खुश रखने की कोशिश में लगे रहेंगे आपको अच्छा लगेगा। आज आपके अंदर त्याग और सहयोग की भावना रहेगी।



**वृश्चिक**

आज आपका दिन नयी उमंगें लेकर आया है। काफी समय से किसी बात से परेशान लोग आज उसका समाधान ढूंढ लेंगे। लोगों के विचार और आपके बारे में बोली गई बातों के कारण आप मन ही मन परेशान हो सकते हैं। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई को लेकर उत्साहित होंगे।




**धनु**

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपकी वाणी में कठोरता आ सकती है दूसरों के प्रति स्नेह भाव बनाएं रखें। पेट की समस्या से परेशान लोगों को ऑयली खाने से बचना चाहिए। आज संतान पक्ष से सुखद अनुभूति होगी। आज आपको आय के नवीन स्त्रोत मिलेंगे। दांपत्य जीवन के लिए थोड़ा समय निकालेंगे जिससे रिश्ते में अपनापन बढ़ेगा।




**मकर**

आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। आज आपको किसी महत्वपूर्ण चर्चा में शामिल होने का मौका मिलेगा, जिसमें आपकी सहभागिता अच्छी खासी रहेगी। कोई प्रिय मित्र आपसे किसी विशेष विषय को लेकर बातचीत कर सकता है। आज कोई काम आपको सोंच विचार कर करना चाहिए। आपकी आय के मुकाबले खर्चों में अधिकता रहेगी।



**कुंभ**

आज आपका दिन सुख शांति से भरा रहेगा। पुत्र पक्ष से सहयोग मिलेगा। आपसी रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। इस राशि के लोगों का निर्माण कार्य जल्द पूरा हो जायेगा। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढ़ेगा। लोग आपके कार्य से खुश होंगे। आज आपको प्रमोशन से जुड़ी खबर मिल सकती है।



**मीन**

आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज जिस भी क्षेत्र में आप मेहनत करेंगे उसमे उन्नति हासिल करेंगे। आज आपकी सभी परेशानियों का अंत होगा। सफलता की नयी किरण दिखाई देगी। आर्थिक क्षेत्र में विकास के योग बन रहे हैं। काफी समय से वाहन लेने का मन बना रहे हैं तो आज वाहन लेने में समय आपका साथ देगा। पढ़ाई में दोस्तों की सहायता मिलेगी।

## शब्द सामर्थ्य -148


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 147 का हल



# प्रदेश के स्वच्छता कर्मी 15 अगस्त के बाद आंदोलन करेंगे



डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ स्वच्छता दीदी महिला पुरुष महासंघ की बैठक डोंगरगढ़ के मंगल भवन में आयोजित बैठक में प्रदेश अध्यक्ष पवन नायक, उपाध्यक्ष निर्मला मैथ्यू, सचिव सुनीता देवांगन, जिला अध्यक्ष लक्ष्मी बलिया शामिल हुए। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती नायक ने बताया कि प्रदेश में स्वच्छता कर्मचारियों की हालत बहुत खराब है।

स्वच्छता कर्मियों को बुनियादी सहायता से वंचित रखा जा रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिल रही है। जबकि नियम अनुसार कर्मचारियों को दस्ताने, यूनिफार्म साडिया सहित अन्य आवश्यक सामग्री मिलना चाहिए। श्रीमती नायक ने बताया कि स्वच्छता कर्मचारी जब अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाते है तो अधिकारियों द्वारा दबा दिया जाता है और कहा जाता है कि अधिकारों की बात करोगे तो काम से हटा दिया जाएगा।

### अनिश्चितकालीन हड़ताल की तैयारी में

बैठक में बताया गया कि सफाई कर्मचारियों से 8 घंटे से ज्यादा समय तक काम कराया जा रहा है वहीं कुछ अधिकारियों द्वारा घरेलू काम करने कहा जाता है। काम नहीं करने पर पेमेंट में कटौती किया जाता है।

**हक और अधिकार की लड़ाई लड़ रहे हैं स्वच्छता कर्मी**

बैठक में शामिल होने पहुंचे गरियाबंद, धमतरी, जगदलपुर, रायपुर, बेमेतरा, दुर्ग, कांकेर, सरगुजा, बिलासपुर, बालोद, कवर्धा, मुंगेली, अंबिकापुर, जांजगीर चापा सहित अन्य जिलों के कर्मचारियो ने बताया कि काम के दौरान परेशानियों होने के बाद भी वह ईमानदारी से काम कर रहे हैं लेकिन उन्हें पर्याप्त मेहनताना नहीं मिल रहा है। इस मौके पर गरियाबंद की प्रभा साहू, अभनपुर की वर्षा साहू आदि ने अपनी बात रखी।

प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती नायक ने बताया कि संगठन द्वारा सरकार के समक्ष फ्री मेडिकल जांच, प्रति माह वेतन भुगतान, दुर्घटना होने पर बीमा एवं बेड रेस्ट की सुविधा, मृत्यु होने पर उसके परिवार जनों को प्राथमिकता, कलेक्टर दर से मानदेय, साप्ताहिक अवकाश, पीएफ सुविधा, स्वच्छता दीदियों को प्लेसमेंट से अलग करने की मांग रखा गया है।

उन्होंने कहा कि 15 अगस्त तक सरकार ने मांगों पर कोई निर्णय नहीं लिया तो स्वच्छता कर्मचारी आने वाले दिनों में अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। बैठक में सुनीता देवांगन, तानिया बंजारे, ईश्वरी साहू, शीतल महंत, चित्रलेखा धुरी, रुक्मणी निषाद, प्रीति साहनी, चंद्रशेखर बोरकर, गजेंद्र कुमार, सत्यभामा वाल्मीक, संगीत कावड़े, विकास वाल्मीक, पदमा धुरी, कुंती यादव, उमाशंकर साहू, सानू साहू, निर्मला, प्रदीप साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

# शिवसैनिकों ने हिन्दू राष्ट्र की मांग एवं धर्मान्तरण के खिलाफ प्रदर्शन कर आतंकियों का पुतला फूंका



गंडई पंडरिया (दावा)। शिवसेना जिला प्रमुख कमल सोनी ने बताया कि आज 13 अगस्त को खैरागढ़ में शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार की उपस्थिति में हिन्दू राष्ट्र की मांग एवं धर्मान्तरण सहित अन्य हिंदुत्व की मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया और बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और मंदिरों में हो रही तोड़-फोड की कडे शब्दों में निंदा करते हुवे आतंकियों का पुतला फूंका जिसके बाद मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

श्री सोनी ने कहा कि शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के नेतृत्व में आज जिला मुख्यालय खैरागढ़ में बड़ी संख्या में शिवसैनिकों ने धरना स्थल में 12:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक धरना प्रदर्शन किया और आतंकियों का पुतला दहन के बाद ज्ञापन सौंपा गया।

मांगपत्र में कहा गया - देश को हिन्दू राष्ट्र घोषित की जाये। देश में समान नागरिक संहिता (यू.सी.सी.) लागु किया जाये। देश में नागरिक संशोधन अधिनियम 2019 (सी.ए.ए.) को पूरे देश में लागू किया जाये। जनसंख्या नियंत्रण हेतु दो बच्चों से ऊपर होने से उस परिवार का स्वास्थ्य, स्कूल, राशन, गैस आदि में उनको

**मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन को सौंपा ज्ञापन**

सरकारी लाभ न दिया जाये, इस आशय का कानून पारित किया जाये। देश में हो रहे धर्मान्तरण को तत्काल प्रभाव से रोका जाये, धर्मान्तरण प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों के साथ-साथ प्रदेश के प्रमुख शहरी जिलों में भी धर्मान्तरण काफी बड़े स्तर पर किया जा रहा है उसे तत्काल रोका जाए। प्रदेश में रोहिंग्या मुसलमानों का घुसपैठ लगातार जारी है, उसे तत्काल रोका जाए / प्रदेश के सभी धार्मिक स्थल चाहे वह मस्जिद हो या मंदिर हो या अन्य धार्मिक स्थल हो जहां ध्वनि यंत्र का उपयोग किया जाता है, उस ध्वनि यंत्र की मानक क्षमता सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार तय किया जाये। साथ ही धार्मिक स्थल किसी भी धर्म का हो उसका दुरुपयोग देश की एकता एवं अखंडता के विरुद्ध होने पर उक्त स्थल की तालाबंदी के साथ राजसात किया जाये। इस आशय का कानून पास किया जाये। प्रदेश में हो रहे गौ तस्करी को पूरी तरह से बंद किया जाये व गौ हत्या करने वालों के उपर 302 का मुकदमा दर्ज किया जाए।

धरना में प्रमुख रूप से किसान सेना प्रदेश अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, प्रदेश महासचिव रेशम जांगडे, कामगार सेना के सचिव राधारमन पांडे, प्रदेश संगठन महामंत्री राजेश ठावरे, राजनांदगाँव जिलाध्यक्ष कमल सोनी, खैरागढ-छुईखदान-गंडई जिलाध्यक्ष राम ठाकुर, युवा सेना राजनांदगाँव जिलाध्यक्ष विक्की सेन, नरेंद्र सेन, पंकज साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन व पुतला दहन कार्यक्रम में भाग लिया।

# पहला कॉलम...

## आज गैंदाटोला में पहली बार निकलेगी महाकाल यात्रा

छुरिया (दावा)। श्रावण मास में ग्राम के सरपंच अल्फिया हनीफ कुरैशी एवम महाकाल भक्त के द्वारा बाबा चंद्रमौलेश्वर जी की भव्य पालकी शोभा यात्रा 14 अगस्त दिन बुधवार 2024 को निकली जा रही है शकरघाट से प्रारंभ पालकी शोभायात्रा बाजार चौक पानी टंकी चौक थाना चौक होते हुए इंद्राआवास में विश्राम करेगी। गैंदाटोला में निकल रही भव्य पालकी यात्रा को लेकर ग्राम के एवं आसपास क्षेत्र के शिव भक्तों में आपार उत्सव उत्साह देखा जा रहा है। महाकाल भक्त लोग इसकी तैयारी में जुट गए है पालकी यात्रा का प्रारंभ दोपहर 12 बजे से होगा ग्राम के सरपंच एवम महाकाल भक्त भूपेंद्र निर्मलकर,धर्मेंद्र सोनी,जितेंद्र साहू,हेमंत बोरकर ने जानकारी दी की गांव के वैभव को ध्यान में रखते हुए धार्मिक आस्था से परिपूर्ण पालकी शोभायात्रा में भगवान भोले शंकर शिव के अनेक रूप एवं भूत प्रेत जैसे अनेक वेशभूषा में लोक कलाकार नजर आयेंगे। साथ ही एक भव्य झांकी बाबा महाकल की भी होगी भजन कीर्तन करते हुए महिलाएं-पुरुष युवा व बच्चों के साथ डोल, नगाड़े, झांझ, मंजोरो, राउत नाचा एवं भव्य अखाड़ा आदि का भी प्रदर्शन होगा महाकाल भक्तों ने बताया कि बाबा चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा में महाकाल भक्त पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे।

## नर्मदा धाम सुरसुली से जल लेकर खामभाट में किया जलाभिषेक



हरदी (दावा)। बजरंग दल ने कावड़ यात्रा निकाली, डीजे के धुन पर भक्ति गीत के साथ बड़ी संख्या में बच्चे, युवा और महिलाएं शामिल हुई। खामभाट से 11 बजे कांवड़िया जल लेने नर्मदा धाम पहुंचे। धाम में पूजा आरती करने के बाद कावड़ में जल भरकर पदयात्रा करते हुए खामभाट पहुंचे। कावड़िए भक्ति गीत में नृत्य करते हुए पैदल चल रहे थे। कावड़ यात्रा में आस पास के गांव के लोग बडी संख्या शामिल हुए। जलाभिषेक के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।

## हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत निकली बाईक रैली



डोंगरगांव (दावा)। केन्द्र एवं राज्य शासन के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत नगर से भव्य बाईक रैली निकाली गई. यह रैली नगर के कृषि उपज मंडी प्रांगण से प्रारंभ होकर ग्राम जंगलपुर में शहीद पूर्णानंद साहू के स्मारक पर पहुंचकर विसर्जित हुई. इस दौरान नगर सहित रास्ते में आने वाले विभिन्न ग्रामों में शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थियों और ग्रामवासियों ने रैली का स्वागत किया. इस बाईक रैली का नेतृत्व पूर्व जिपं अध्यक्ष दिनेश गांधी कर रहे थे, वहीं इस भव्य रैली में एसडीएम श्रीकांत कोराम तहसीलदार प्यारेलाल नाग, सीएमओ दादू सिंह पाल, भाजपा के मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहर के नागरिक शामिल हुए.

## प्राथमिक शाला कन्हारगांव में शिक्षक व्यवस्था के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी को दिया ज्ञापन



डोंगरगढ़ (दावा)। वनांचल ग्राम कन्हारगांव के शास. प्राथमिक शाला स्कूल मे कुल छात्र 225 बच्चे वर्तमान अध्ययन रत है। स्कूल में अध्यापन कार्य हेतु प्रधान पाठक के अलावा 3 सहायक शिक्षक है बच्चे की दर्ज सख्या के आधार पर यहां कुल 7 शिक्षक की आवश्यकता है। ताकि यहां अध्यापन कार्य अच्छे से हो सके। परंतु शिक्षक कम होने की वजह से पढाई का कार्य अच्छे से नही हो पा रहा है। कुल दर्ज सख्या के आधार पर यहां वर्तमान मे 3 शिक्षक की अति आवश्यकता है। इसी सम्बन्ध में बीईओ से मिलकर प्राथमिक शाला मे शिक्षक व्यवस्था के लिए आज सरपंच सरला गंगाधर साहू के द्वारा ज्ञापन दिया गया।

# मोहला में स्वतंत्रता दिवस में विधायक राजेश मूणत होंगे मुख्य अतिथि



मोहला (दावा)। कलेक्टर एस. जयवर्धन के मार्गदर्शन में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को मूर्त रूप देने के लिए आज स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का मिनट-टू-मिनट अंतिम रिहर्सल किया गया। मुख्य अतिथि की भूमिका में मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी एस.आर.मंडावी रहे, उन्होंने परेड की सलामी ली। साथ में कलेक्टर एस. जयवर्धन, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह ने भी परेड की सलामी ली। कलेक्टर एस.जयवर्धन ने तैयारियों का जायजा लेकर समय पर सभी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस परेड का नेतृत्व आर आई भुपेन्द्र कुमार कश्यप, सेकंड कमांड एस आई सुरेन्द्र नेताम कर रहें है। परेड में 09 टुकडियां शामिल हो रही है जिसमें आईटीबीपी, जिला बल, एनसीसी और स्काउट गाइड के जवान है।

**० स्वतंत्रता दिवस की तैयारी का किया गया अंतिम रिहर्सल**
**0 मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने निभाई मुख्य अतिथि की भूमिका**

उल्लेखनीय है कि जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह मिनी स्टेडियम मोहला में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस के मुख्य अतिथि रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत होंगे। आज अंतिम रिहर्सल में विभिन्न जवानों की टुकड़ियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया। समस्त बलों द्वारा हर्ष फायरिंग कर, तिरंगे झंडे को सलामी दी गई। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम रिहर्सल किया गया। इस दौरान कलेक्टर एस.जयवर्धन, पुलिस अधिक्षक यशपाल सिंह, परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, एसडीएम मोहला डॉ.हेमेन्द्र भुआर्य, सहित जिलास्तरीय अधिकारी, बल एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# कोकपुर में सामाजिकजन भवन का लोकार्पण



डोंगरगाव (दावा)। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोकपुर मे पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण मद से 10 लाख रु. की लागत से निर्मित परिक्षेत्रीय साहू संघ के भवन का लोकार्पण स्थानीय विधायक दलेश्वर साहू ने किया। इस अवसर पर उन्होने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाज है तो परिवार सुरक्षित है तथा धर्म है तो समाज सुरक्षित है। सबको अपने जीवन मे मिले अवसर को बेहतर करने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला साहू संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष भागवत साहू ने सामाजिक संगठन में महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी तय कर समाज को संगठित करने का आव्हान किया। कार्यक्रम को तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू, जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, पूर्व जिला महामंत्री अमरनाथ साहू, जिला उपाध्यक्ष मदन साहू, जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा ने भी संबोधित किया।

**समाज है तो परिवार व धर्म है तो समाज सुरक्षित है- दलेश्वर साहू**

### जिंदगी एक एहसास नामक पुस्तक का विमोचन

इस अवसर पर ईश्वर साहू व्याख्याता द्वारा लिखित पुस्तक जिंदगी एक एहसास का विधायक दलेश्वर साहू ने विमोचन किया। विधायक साहू ने आगामी लोक मंडई मे प्रकाशित पत्रिका मे ईश्वर साहू के रचना को सम्मलित किए जाने का आश्वासन दिया।

### आदिवासी समाज हेतु भवन निर्माण की घोषणा

आदिवासी ध्रुव गोंड समाज की महिलाओ की मांग पर आदिवासी भवन निर्माण कराए जाने की घोषणा की। इसके पूर्व परिक्षेत्रीय अध्यक्ष प्यारेलाल साहू व सरपंच ठाकुर राम साहू ने स्वागत भाषण का पठन करते हुए साहू समाज सहित अन्य समाज को बहुप्रतीक्षित मांग हेतु राशि स्वीकृत किए जाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा शौचालय निर्माण व ग्राम मे सीसी रोड निर्माण की मांग की। कार्यक्रम मे श्रीमती जयश्री साहू, पुरुषोत्तम साहू, मोहनीश साहू जनपद सभापति, रमेश साहू, बेलस साहू, शिवराम साहू, रामकुमार साहू, दिनेश्वरी साहू, हेमंत साहू, ईश्वर साहू खिलावन साहू, खेमचंद साहू, तुलाराम साहू कृष्ण कुमार साहू, सरपंच ठाकुर राम साहू, संतोष सिन्हा, बिहारी मंडावी, आदि सहित पंचगण, ग्रामवासी तथा सामाजिकजन सम्मिलित हुए।

# सावन महोत्सव में माताएं बहनों ने लिया सावन झूला का आंनद

**सावन महोत्सव में ज्ञानवर्द्धक व मनोरजंक कार्यक्रम सम्पन्न हुए, महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया**



अंबागढ़ चौकी (दावा)। नगर के प्राचीन सिद्ध शिव मंदिर में पहली बार सावन महोत्सव च सावन झूला का आयोजन किया गया। नगर की सेवाभावी संस्था व महिला मंडली श्रद्धा मानस समिति द्वारा आयोजित सावन महोत्सव में नगर के हर वर्ग की मातृ शक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान माताओं व बहनो ने सावन झूला का आनंद उठाया। सावन महोत्सव के दौरान आयेजक समिति द्वारा कई ज्ञानवर्द्धक तथा मनोरंजक कार्यक्म्र आयोजित किए गए। नगर के वार्ड 13 जीवनदायिनी शिवनाथ नदी के तट पर स्थित प्राचीन सिद्ध शिव मंदिर में श्रद्धा महिला मंडल द्वारा पहली बार सावन महोतसव व सावन झूले का आयोजन किया गया। महिला मंडल की प्रमुख रामेश्वरी देवी सुपेत व शिक्षिका पूर्णिमा यादव ने बताया की महोत्सव का शुभारंभ भगवान शिव तथा मातारानी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर किया गया। इस दौरान भजन कीर्तन भी किया गया। पूजा अनुष्ठान के बाद मातृ शक्तियों ने मंदिर परिसर में श्रद्धा महिला मांनस मंडल द्वारा लगाए गए सावन झूले का आंनद उठाया। इस आयोजन में नगर के हर वर्ग की माताए एवं बहने शमिल हुई। आयोजन समिति की प्रमुख रामेश्वरी सुपेत व पूर्णिमा यादव ने बताया की सावन महोत्सव के दौरान मातृ शक्तियों ने नगरवासियों की खुशहाली एवं उत्तम स्वास्थ्य तथा दीर्घायु जीवन के लिए भगवान भोलेनाथ व आदिशक्ति से प्रार्थनाए की। साथ ही नगर के विकास एवं अन्नदाताओ के लिए अच्छी फसल की मंगल कामनाए एवं प्रार्थनाए की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर की माताए रामेश्वरी देवी सुपेत, पूनम यादव, गीता शाह, सुशमा त्रिपाठी, दुर्गा साहू, संगीता उर्वषा, शिल्पा मुनगरकर, मिथिलेश रंगारे, नेहा खंडेलवाल, शैल तिवारी, विभा त्रिपाठी, मनीता यादव, अनिमा वर्मा, संध्या यादव, रीना बाजपेई, रानू द्विवेदी, डिकी पटेल, लता दूधनाग, सरिता, बसंती अडभैया, गोली, शारदा, कविता बिसेन, ने सराहनीय योगदान दिया। कार्यक्रम का समापन प्रसाइी वितरण से हुआ।

## महिलाओं ने लिया सावन झूला का आनंद, विभिन्न खेल कूद का हुआ आयोजन

डोंगरगांव (दावा)। सावन के महीने में हरियाली अमावस्या के बाद सावन झूला डालने का विशेष महत्व बताया गया है, धार्मिक रूप से भी सावन झूला विशेष महत्व रखता है। इसी कड़ी में नगर के राधिका सखी मंडल की महिलाओं के द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन बीते रविवार को मां बमलेश्वरी उद्यान में किया गया। इस दौरान राधिका सखी मंडल की महिलाओं के द्वारा नगर की अधिष्ठात्री देवी मां बमलेश्वरी मंदिर में सोलह सिंगार अर्पित किया और सुहागन महिलाओं को सुहाग की वस्तुएं भेंट की। इसके साथ ही महिलाओं ने अपने पति के लंबी उम्र की प्रार्थना की। वहीं समीप ही उद्यान में महिलाओं द्वारा विभिन्न खेल कूद, साहित्यिक गतिविधि सहित अन्य आयोजन कराए। साथ ही महिलाओं ने सावन झूला झूलते हुए सावन के गीत गाए।

# लावारिस हो चुके स्टेट बैंक के एटीएम में बसेरा बनाया जानवरों ने

**मामला - जयस्तंभ चौक स्थित एटीएम का**



**पर्याप्त सुविधाओं के अभाव में एटीएम का उपयोग कर रहे हैं उपभोक्ता**

डोंगरगढ़(दावा)। शहर के जयस्तंभ चौक स्थित स्टेट बैंक के एटीएम में देख-रेख के अभाव के कारण पूरे समय गंदगी बने रहती है। लगभग लावारिस हो चुके एटीएम परिसर में रात के समय जानवरो का बसेरा देखने को मिल सकता है। गंदगी के बीच उपभोक्ताओं को एटीएम का उपयोग करने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसी प्रकार स्टेट बैंक परिसर में स्थित एटीएम का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं को अधिकतर तकनीकी कारणों के कारणों से परेशानी उठानी पड़ती है। कभी एटीएम से राशि नहीं निकलती, कभी एटीएम में पैसा फस जाता है। जिसको सुधारने की कोई समय सीमा निर्धारित नहीं है। लगभग सभी एटीएम का संचालन बिना सुरक्षा कर्मचारियों के किया जा रहा है। शहर में लगे सभी बैंकों के एटीएम की यही स्थिति देखने को मिल रही है।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का अंतिम रिहर्सल संपन्न



खैरागढ़ (दावा)। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के दिन आयोजित होने वाले मुख्य समारोह के तैयारियों के लिए आज राजा फतेह सिंह खेल मैदान में अंतिम रिहर्सल किया गया। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा और पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अंतिम रिहर्सल में मुख्य अतिथि की भूमिका में मुख्य नगर पालिका अधिकारी खैरागढ़ प्रमोद शुक्ला रहे, उन्होंने परेड की सलामी ली। इसके बाद वन टू वन सभी गतिविधियों का अभ्यास किया गया।

रिहर्सल के दौरान स्वतंत्रता दिवस समारोह के परेड का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक परेड कंमाडर के देव राजू तथा सहायक उपनिरीक्षक बलराम कोसे ने परेड टू-आई-सी का दायित्व निभाया। परेड में 9 टुकडियां शामिल हो रही है, जिसमें भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस 40वी वाहिनी, छ ग बल 21 वी वाहिनी, जिला पुलिस बल, जिला महिला पुलिस बल, एनसीसी और स्काउट गाइड के छात्र छात्राएं शामिल हुए। इस अवसर पर अतिरिक्त कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल, संयुक्त कलेक्टर सुरेन्द्र कुमार ठाकुर एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने निभाई मुख्य अतिथि की भूमिका**

### सांसद संतोष पांडे जिला स्तरीय समारोह में करेंगे ध्वजारोहण

जिला स्तरीय समारोह में राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पांडे मुख्य अतिथि के रूप में प्रातः 09 बजे स्टेडियम पहुंचकर ध्वजारोहण करेंगे। तत्पश्चात् मुख्यमंत्री द्वारा जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन करेंगे। सांसद संतोष पांडे देश की सुरक्षा में अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले शहीदों के परिजनों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम के समापन में मुख्य अतिथि द्वारा जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र का वितरण किया जाएगा।

# खैरागढ़ के जामा मस्जिद में नगदी रकम सहित सीसीटीवी का हार्ड डिस्क चोरी

**सोमवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने दिया घटना को अंजाम**







खैरागढ़ (दावा)। नगर के बीचो-बीच स्थित जामा मस्जिद में अज्ञात चोरों ने नगदी रकम की चोरी कर ली। शातिर चोरों ने इस दौरान मस्जिद में लगे सीसीटीवी कैमरे के हार्डडिस्क को भी चुरा लिया। जानकारी अनुसार सोमवार 12 अगस्त की दरमियानी रात तकरीबन 2 बजे अज्ञात चोरों ने मस्जिद में प्रवेश कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष अरशद हुसैन ने बताया कि अज्ञात चोर ने मस्जिद के ऑफिस में रखे आलमारी का लॉकर तोड़कर 40 हजार रूपये तथा आलमारी में अलग से रखे दानपेटी से 25 सौ रूपये कुल 42500 रूपये की नगदी रकम चुरा ली। अज्ञात चोर ने इस दौरान शातिराना अंदाज में मस्जिद की सुरक्षा के लिये लगे सीसीटीवी कैमरे का हार्डडिस्क भी निकाला और उसे भी अपने साथ लेकर चला गया जिसके बाद मस्जिद में प्रवेश कर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले शातिर चोर की पहचान में मुश्किल हो रही है। घटना के बाद मंगलवार को मस्जिद कमेटी के प्रतिनिधियों ने खैरागढ़ पुलिस थाने पहुंचकर मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोर के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर खोजबीन शुरू की है।

# पहला कॉलम...

## जीएसटी परिषद की बैठक 9 सितंबर को होगी, बैठक में इन अहम मुद्दों पर चर्चा संभव

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में तस्ज्ञ परिषद की बैठक 9 सितंबर को होगी। परिषद ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, जीएसटी परिषद की 54वीं बैठक नौ सितंबर 2024 को नई दिल्ली में होगी। केंद्र तथा राज्यों के वित्त मंत्रियों वाली जीएसटी परिषद, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के संबंध में सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है। यह एक जुलाई 2017 से काम कर रही है। बैठक में दरों को युक्तिसंगत बनाने, कर 'स्लैब' को कम करने के अलावा जीएसटी के तहत उलटा शुल्क हटाने पर चर्चा होने की उम्मीद है। पिछली परिषद की बैठक 23 जून को हुई थी, जिसके बाद सीतारमण ने कहा था कि जीएसटी परिषद की अगली बैठक में बिहार के उपमुख्यमंत्री सुमंत चौधरी के नेतृत्व में दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्रिसमूह (जीओएम) कार्य की स्थिति और समिति द्वारा 'कवर' किए गए पहलुओं तथा समिति के समक्ष लंबित कार्यों पर एक प्रस्तुति देगा।

## सरपट दौड़ रहा स्टॉक मार्केट

नई दिल्ली शेयर बाजार में तेजी देखने को मिल रही है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार मजबूत होने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी नए रिकॉर्ड बना रहे हैं। इस वर्ष की शुरुआत से अब तक सेंसेक्स करीब 11 प्रतिशत और निफ्टी करीब 12 प्रतिशत का रिटर्न दे चुका है। इस कारण से आम निवेशकों के साथ-साथ देश के बड़े राजनेताओं को भी जमकर मुनाफा हो रहा है। इसमें विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी शामिल हैं। राहुल गांधी को बीते करीब पांच महीने में शेयर बाजार से 46.49 लाख रुपये का मुनाफा हुआ है। यह मुनाफा उनकी ओर से रायबरेली लोकसभा के लिए भरे गए चुनावी नामांकन में दर्ज शेयरों के आधार पर कैलकुलेट किया गया है, जिसमें बताया गया था कि 15 मार्च, 2024 को उनके पोर्टफोलियो की वैल्यू 4.33 करोड़ रुपये थी। शेयर बाजार में 12 अगस्त, 2024 तक उनके पोर्टफोलियो की कीमत बढ़कर 4.80 करोड़ रुपये हो गई है।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सहित इन संस्थानों पर आरबीआई ने लगाया मोटा जुर्माना

नई दिल्ली। देश के केंद्रीय बैंक भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पांच वित्तीय संस्थानों पर जुर्माना लगाया है। इन संस्थानों में सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सीएसबी बैंक और मुथूट हाउसिंग फाइनेंस शामिल हैं, जिनपर जुर्माना लगाया। रिजर्व बैंक ने यह जुर्माना कई नियामकीय मानदंडों के उल्लंघन के चलते लगाया है। भाषा की खबर के मुताबिक, आरबीआई ने सीएसबी बैंक पर वित्तीय सेवाओं की आउटसोर्सिंग में जोखिम प्रबंधन और आचार संहिता से संबंधित गाइडलाइन और शाखा प्राधिकरण पर मास्टर सर्कुलर से संबंधित कुछ निर्देशों का पालन न करने के चलते 1.86 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया।

## ईशान के बाद श्रेयस-सूर्या भी बुची बाबू टूर्नामेंट में हुए शामिल



मुंबई। श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव 15 अगस्त से शुरू होने वाले बुची बाबू टूर्नामेंट में मुंबई के लिए खेलते नजर आएंगे। यह दोनों खिलाड़ी कोयंबटूर में 27 अगस्त से शुरू हो रहे मैच में जम्मू और कश्मीर के खिलाफ खेलेंगे। पिछले सप्ताह सूर्यकुमार द्वारा अपनी भागीदारी की पुष्टि करने के बाद, मुंबई क्रिकेट संघ के संयुक्त सचिव दीपक पाटिल ने मंगलवार को एक बयान जारी कर जम्मू और कश्मीर के खिलाफ मैच के लिए अय्यर की उपलब्धता की पुष्टि की। बुची बाबू टूर्नामेंट के जरिए श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव के पास अपने गेम को तराशने का मौका है। सीमित ओवरों के क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले अय्यर टेस्ट टीम में अपनी जगह पक्की करने के लिए उत्सुक हैं।

यह टूर्नामेंट बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले अय्यर के लिए अच्छा प्लेटफॉर्म है। सूर्यकुमार यादव के लिए टेस्ट मैच खेलने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता साबित करने के लिए भी यह अहम टूर्नामेंट है। सूर्यकुमार ने हाल ही में भारत के लिए सभी फॉर्मेट में खेलने की अपनी इच्छा प्रदर्शित की थी। इससे पहले बीसीसीआई ने घरेलू टूर्नामेंट में अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों की भागीदारी बढ़ाने की बात कही थी। यह टूर्नामेंट भारत के रेड बॉल सीजन के लिए तैयारी के लिहाज से अहम माना जा रहा है। इस टूर्नामेंट में सरफराज खान मुंबई की कप्तानी करेंगे।

# तीसरी बार टला विनेश फोगाट के रजत पदक पर खेल पंचाट का फैसला

## अब करना होगा 16 अगस्त तक का इंतजार



नई दिल्ली। खेल पंचाट (णओए) के तदर्थ प्रभाग ने मंगलवार को भारतीय पहलवान विनेश फोगाट की पेरिस ओलंपिक में फाइनल से पहले अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ अपील पर फैसला फिर 16 अगस्त तक स्थगित कर दिया। खेल पंचाट को सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मंगलवार को फैसला सुनाना था, लेकिन इसे फिर तीसरी बार टाल दिया गया। इससे 29 वर्षीय भारतीय पहलवान का इंतजार बढ़ गया है।

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की विज्ञप्ति के अनुसार, खेल पंचाट के तदर्थ प्रभाग के अध्यक्ष ने विनेश फोगाट बनाम यूनाईटेड विश्व कुश्ती (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति मामले में एकमात्र मध्यस्थ डॉ. एनाबेले बेनेट को अपना फैसला सुनाने के लिए शुक्रवार 16 अगस्त 2024 पेरिस समय के अनुसार शाम छह बजे तक अनुमति दी है। पिछले मंगलवार को जापान की युई सुसाकी के खिलाफ जीत सहित तीन जीत के साथ महिलाओं की 50 किग्रा फ्रीस्टाइल स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाली विनेश को अंततः स्वर्ण पदक जीतने वाली अमेरिका की सारा हिल्डेब्रांट के खिलाफ खिताबी मुकाबले से बाहर कर दिया गया क्योंकि सुबह वजन करते समय उनका वजन निर्धारित सीमा से 100 ग्राम अधिक पाया गया। इस पहलवान ने पिछले बुधवार को खेल पंचाट में इस फैसले के खिलाफ अपील की और मांग की कि उसे क्यूबा की पहलवान युस्नेलिस गुजमेन लोपेज के साथ संयुक्त रजत पदक दिया जाए। लोपेज सेमीफाइनल में विनेश से हार गई थी, लेकिन बाद में भारतीय पहलवान को अयोग्य घोषित किए जाने के बाद उन्हें फाइनल में जगह मिली। अयोग्य ठहराए जाने के एक दिन बाद विनेश ने खेल से संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि उसके पास खेल जारी रखने की ताकत नहीं है। हालांकि, दुनिया भर के दिग्गज खिलाड़ियों ने इस 29 वर्षीय पहलवान का समर्थन किया है जो अपने तीसरे ओलंपिक खेलों में भाग ले रही थी।

इस मामले पर नौ अगस्त को ही सुनवाई हुई थी और माना जा रहा था कि फैसला उसी दिन आ जाएगा। इसे 10 अगस्त तक के लिए टाला गया था। फिर इसे टालकर 13 अगस्त को कर दिया गया था। अब 16 अगस्त को रात साढ़े नौ बजे फैसला आ सकता है। इससे पहले न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए, विनेश के वकील विदुष्पत सिंघानिया ने कहा, विनेश का प्रतिनिधित्व चार वकीलों ने किया। वह इस मामले में आवेदक है तथा यूनाईटेड विश्व कुश्ती (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने इसमें हिस्सा लिया है तथा भारतीय ओलंपिक संघ इसमें रुचि रखता है। हमें उम्मीद है कि फैसला विनेश के पक्ष में आएगा। वह एक चैंपियन हैं चाहे सीएएस का फैसला कुछ भी हो और विनेश का सम्मान किया जाना चाहिए।

## तैयारियों के लिए मिले 1.5 करोड़ रुपये बैडमिंटन स्टार पोनप्पा बोलीं- हमें पसंदीदा कोच तक नहीं मिला




नई दिल्ली। भारत की स्टार महिला युगव बैडमिंटन खिलाड़ी अश्विनी पोनप्पा ने मंगलवार को कहा कि उन्हें पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए खेल मंत्रालय से कोई व्यक्तिगत वित्तीय सहायता नहीं मिली और यहां तक कि कोच के लिए उनके अनुरोध को भी खारिज कर दिया गया। भारतीय खेल प्राधिकरण एक दस्तावेज लेकर आया था, जिसमें पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ी को प्रदान की गई वित्तीय सहायता का विवरण दिया गया है।

इस दस्तावेज के अनुसार अश्विनी को टॉप्स (लक्ष्य ओलंपिक पोडियम कार्यक्रम) के अंतर्गत साढ़े चार लाख रुपये तथा अभ्यास और प्रतियोगिता (एसीटीसी) के वार्षिक कैलेंडर के तहत 1.4 करोड़ रुपये प्रदान किए गए थे। अश्विनी ने कहा, मैं वास्तव में बहुत हैरान हूं। मुझे पैसे नहीं मिलने पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन देश को यह बताना कि मैंने पैसे लिए थे, हास्यास्पद है। मुझे पैसे नहीं मिले थे। अगर आप राष्ट्रीय शिविर की बात कर रहे हैं तो उसने भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों पर 1.5 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे। उन्होंने कहा, मेरे पास अपनी पसंद का कोच भी नहीं था। जहां तक मेरे निजी ट्रेनर की बात है तो मैंने उसका खर्चा खुद उठाया। मैंने किसी से पैसा नहीं लिया। मैं नवंबर 2023 तक अपने खर्चे पर खेलती रही। जब हमने ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर दिया तभी मुझे टॉप्स में शामिल किया गया।

## निशानेबाजी विश्व कप में भाग नहीं लेंगी ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर?

### कोच जसपाल ने दी बड़ी जानकारी



नईदिल्ली। पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक विजेता मनु भाकर मंगलवार को भारत लौट सकती हैं। इसके बाद वह तीन महीने का ब्रेक ले सकती हैं। माना जा रहा है कि वह दिल्ली में होने वाले विश्व कप से भी बाहर रह सकती हैं।

भारतीय दल ओलंपिक में कुल छह पदक अपने नाम करने में कामयाब रहा। इनमें से दो मनु भाकर ने जीते। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा और सरबजोत के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्धा में कांस्य पदक जीते। वह स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बन गईं।

इस बीच स्टार निशानेबाज के कोच जसपाल राणा ने जानकारी दी कि वह अक्टूबर में होने वाले विश्व कप का हिस्सा नहीं होंगी। जसपाल ने कहा - मुझे नहीं पता कि वह अक्टूबर में होने वाले विश्व कप में खेलेंगी या नहीं क्योंकि वह तीन महीने का ब्रेक ले रही है वह लंबे समय से कड़ी मेहनत कर रही है तो यह नॉर्मल ब्रेक है। निशानेबाजी विश्व कप दिल्ली में 13 से 18 अक्टूबर के बीच होगा। जसपाल ने कहा कि ब्रेक के बाद वे 2026 एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेलों पर काम करेंगे।

## भारत के गोल्ड मेडलिस्ट प्रमोद भगत पर अचानक लगा 18 महीनों का बैन



नईदिल्ली। समर पैरालंपिक 2024 से पहले भारतीय बैडमिंटन स्टार प्रमोद भगत से जुड़ी एक बहुत ही बुरी खबर सामने आ रही है. टोक्यो पैरालंपिक 2020 में भारत के लिए गोल्ड मेडल जीतने वाले बैडमिंटन स्टार प्रमोद भगत को बैन कर दिया गया है, जिसके कारण अब वह पेरिस पैरालंपिक 2024 में हिस्सा नहीं ले पाएंगे.

भारत के गोल्ड मेडलिस्ट प्रमोद भगत को पेरालंपिक 2024 से पहले एक बड़ा झटका लगा है. उन्हें डोपिंग नियमों के उल्लंघन के कारण 18 महीनों का बैन लगा दिया गया है, जिसके चलते वह पैरालंपिक 2024 से बाहर हो गए हैं. बीडब्ल्यूएफ के अनुसार, प्रमोद भगत कई बार डोपिंग टेस्ट के लिए उपस्थित नहीं हुए. इस वजह से उन पर 18 महीने का प्रतिबंध लगाया गया है. यह प्रतिबंध 1 सितंबर, 2025 तक लागू रहेगा.

बीडब्ल्यूएफ की ओर से जारी कर दिए अपने बयान में कहा, 1 मार्च 2024 को, सीएएस एंटी-डोपिंग डिवीजन ने फैसला सुनाया है कि मिस्टर भगत ने बीडब्ल्यूएफ एंटी-डोपिंग नियमों के अनुच्छेद 2.4 (व्हेयरअबाउट्स) का उल्लंघन किया है. वह 12 महीनों के भीतर 3 बार व्हेयरअबाउट्स में विफल रहे, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें 18 महीने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया. भगत ने इस फैसले के खिलाफ सीएएस डिवीजन में अपील की, लेकिन 29 जुलाई 2024 को अपील खारिज कर दी गई और पिछले फैसले को बरकरार रखा गया है.

प्रमोद भगत को 5 साल की उम्र में पोलियो हो गया था, जिससे उनके बायां पैर प्रभावित हुआ. मगर, प्रमोद ने हार नहीं मानी और पैरा बैडमिंटन में भारत का नाम रौशन किया. उन्होंने टोक्यो पैरलंपिक 2020 में मेन्स सिंगल्स एसएल 3 कैटिगरी में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास में अपना नाम सुनहरे अक्षरों से दर्ज करा दिया. प्रमोद पैरालंपिक में भारत के लिए गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले बैडमिंटन प्लेयर बने.

## दृष्टिबाधित ग्राहकों के लिए यह सरकारी बैंक स्पेशल डेबिट कार्ड लाया, एटीएम से हर रोज निकाल सकेंगे इतना कैश



नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक ने दृष्टिबाधित ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक खास डेबिट कार्ड, पीएनबी अंतः दृष्टि ब्रेल डेबिट कार्ड पेश किया है। यह कार्ड अपने विपरीत रंगों के कारण आसानी से पहचाना जा सकता है, जिससे दृष्टिबाधित ग्राहकों के लिए कार्ड विवरण पढ़ना आसान हो जाता है। यह कॉन्टैक्टलेस एनसीएमसी (नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड) डेबिट कार्ड है। इससे दृष्टिबाधित ग्राहकों को काफी सुविधा होगी।

### वेलकम किट भी ब्रेल डॉट्स

खबर के मुताबिक, पीएनबी अन्तः दृष्टि ब्रेल डेबिट कार्ड का उद्देश्य दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए वित्तीय स्वतंत्रता और सुविधा को बढ़ाना है, जिससे उन्हें अपने वित्त का प्रबंधन अधिक आसानी और आत्मविश्वास के साथ करने में सक्षम बनाया जा सके। उभरे हुए ब्रेल डॉट्स (ब्रेल में पीएनबी), इस डेबिट कार्ड पर ब्रांड नाम पीएनबी प्रमुखता से उभरा हुआ है, जिससे दृष्टिबाधित ग्राहकों के लिए पीएनबी और दूसरे बैंकों के कार्ड के बीच अंतर करना आसान हो जाता है। साथ ही डेबिट कार्ड के साथ आने वाला वेलकम किट भी ब्रेल डॉट्स में होगा। इस डेबिट कार्ड में चिप के विपरीत तरफ एक गोल पायदान होता है। इससे कार्ड धारक को एटीएम/पीओएस में कार्ड इनसर्ट करते समय कार्ड की दिशा के बारे में पता चल जाता है।

### ग्लॉसी स्पॉट यूवी लेमिनेशन इफ़ेक्ट

इस डेबिट कार्ड में ग्लॉसी स्पॉट यूवी लेमिनेशन इफ़ेक्ट है, जिसमें बैंक के लोगो पर उभरी हुई बनावट और कॉन्टैक्टलेस सिंबल पर सिल्क स्क्रीन रफ़ स्पॉट यूवी है। इससे दृष्टिबाधित ग्राहकों को बैंक के लोगो को आसानी से खोजने और कार्ड के कॉन्टैक्टलेस सिंबल को पढ़ने में मदद मिलती है। ऐसे में उनके लिए डेबिट कार्ड का इस्तेमाल करना आसान हो जाता है। यह डेबिट कार्ड अपने कंट्रास्टिंग कलर्स के चलते आसानी से पहचाना जा सकता है, जिससे दृष्टिबाधित ग्राहकों के लिए कार्ड के डिटेल को पढ़ना आसान हो जाता है।

### एक दिन में कितना कैश निकाल सकते हैं

पीएनबी अन्तः दृष्टि ब्रेल डेबिट कार्ड को कस्टमर किसी किसी भी नजदीकी पीएनबी शाखा से प्राप्त कर सकते हैं। इस कार्ड से प्रतिदिन निकासी की लिमिट 25,000 रुपये है। इसके अलावा, हर रोज पीओएस/ईकॉम लिमिट (ज्वाइंट) 60,000 रुपये है।

## भारतीय हॉकी टीम से मिलकर भविष्य की योजना बनाएंगे खेल मंत्री मनसुख मंडाविया



नई दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को बताया कि वह 10 सितंबर से पहले कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के साथ बैठक करेंगे ताकि 2028 लॉस एंजिल्स खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के प्रयासों के मद्देनजर भविष्य की योजना बना सकें। उन्होंने मंगलवार सुबह पेरिस से लौटने के बाद स्टार गोलकीपर पीआर श्रीजेश, डिफेंडर संजय, अमित रोहिदास और स्ट्राइकर अभिषेक को सम्मानित किया। मंडाविया ने कहा, आप लोगों का प्रदर्शन शानदार रहा, हम स्वर्ण पदक नहीं जीत पाए, लेकिन हम इसके बहुत करीब पहुंच गए थे और सेमीफाइनल में हार के बाद जिस तरह से आपने प्रदर्शन किया, वह सराहनीय है।

उन्होंने कहा, यह सफर का अंत नहीं है और मैं 10 सितंबर तक आपके साथ बैठकर भविष्य की रणनीति पर विचार करूंगा ताकि हम लॉस एंजिल्स से स्वर्ण पदक लेकर लौटें। मैं इस बारे में आपकी राय लूंगा कि इसे कैसे आगे बढ़ाया जाए और सरकार की ओर से आपको हर संभव सहायता प्रदान करने का प्रयास करूंगा।

### भारत के प्रदर्शन से संतुष्ट हैं खेल मंत्री

खेल मंत्री ने यह भी कहा कि भारतीय दल भले ही पिछले टोक्यो ओलंपिक के पदकों की बराबरी नहीं कर सका, लेकिन वह उनके प्रदर्शन से संतुष्ट हैं। टोक्यो में भारत ने एक स्वर्ण सहित सात पदक जीते थे लेकिन पेरिस में देश केवल छह पदक ही जीत सका जिसमें पांच कांस्य पदक और एक रजत पदक शामिल है। हालांकि, भारतीय खिलाड़ी सात स्पर्धाओं में पदक से चूककर चौथे स्थान पर रहे। उन्होंने कहा, टोक्यो में हमने सात पदक जीते लेकिन पेरिस में हम छह ही पदक जीत पाए। सच्चाई यही है कि हम चौथे स्थान पर रहकर सात और पदक से चूक गए जो सराहनीय प्रदर्शन है भारत ने पेरिस ओलंपिक 2024 में छह पदक जरूर जीते, लेकिन देश का प्रदर्शन रैंक के मामले में 2016 रियो ओलंपिक से भी खराब रहा। भारत ने इस साल 117 खिलाड़ियों के दल को पेरिस भेजा था।

## प्रतिभा खोज परीक्षा का पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

डोंगरगढ़ (दावा)। संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद से संचालित प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ में प्रतिभा खोज परीक्षा के पुरस्कार वितरण का समारोह आज प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के उपवनमंडलाधिकारी पूर्णिमा राजपूत एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्रीमति वीरेंद्र कोर मंगत जी पधारी। उनके हाथ से छात्राओं को साइकिल बैग्स आदि विभिन्न उपहार प्रदान किए गए। यह कार्यक्रम शिक्षा के स्तर पर ऊंचा उठने के उद्देश्य किया गया।

श्रीमति कोर ने अपने उद्बोधन के माध्यम से छात्राओं में नया उत्साह एवं उमंग भरा। जिससे सभी ने संकल्प किया कि हम भी अपने अध्ययन मनन से इस भारत को नया आयाम प्रदान करेंगे। हमारा भारत पुनः स्वर्णिम भारत होगा।

*डीएमएफ घोटाला : ईडी की ...*

भ्रष्टाचार से जुड़ा है। डीएमएफ खननकर्ताओं द्वारा वित्त पोषित एक ट्रस्ट है जिसे छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में खनन से संबंधित परियोजनाओं और गतिविधियों से प्रभावित लोगों के लाभ के लिए काम करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है।

ईडी की जांच से पता चला कि ठेकेदारों ने अधिकारियों और राजनीतिक अधिकारियों को भारी मात्रा में कमीशन/अवैध परितोषण का भुगतान किया है, जो अनुबंध मूल्य का 25 प्रतिशत से 40 प्रतिशत तक है। रिश्वत के भुगतान के लिए उपयोग की जाने वाली नकदी विक्रेताओं द्वारा आवास प्रविष्टियों का उपयोग करके उत्पन्न की गई थी। प्रवेश प्रदाताओं और उनके संरक्षकों की तलाशी ली गई, जिसमें विभिन्न आपत्तिजनक विवरण, कई फर्जी स्वामित्व इकाई और भारी नकदी मिली। तलाशी और जब्ती अभियान के परिणामस्वरूप, 76.50 लाख रुपये की नकदी जब्त की गई है; प्रवेश प्रदाता फर्मों से संबंधित 8 बैंक खाते भी फ्रीज कर दिए गए हैं, जिनमें लगभग रु. 35 लाख डमी फर्मों से संबंधित विभिन्न टिकटें और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण भी जब्त किए गए हैं।

*शेयर घोटाला, जाति जनगणना,..*

उन्होंने कहा कि बैठक में इसके अलावा भारी बारिश के कारण भूस्खलन तथा बाढ़ जैसी आपदाओं पर भी चर्चा की गई और वायनाड में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। बैठक में बंगलादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हो रही अत्याचार का मुद्दा भी उठा और उनको लेकर सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों के बारे में उससे सवाल किया गया।

*आसाराम को राहत: कोर्ट ने दी ...*

कि आसाराम के इलाज के दौरान किसी भी तरह की गैरकानूनी गतिविधि न हो। आसाराम को पुणे के आयुर्वेदिक अस्पताल में में विशेष ट्रीटमेंट के लिए भेजा जाएगा। सुरक्षाकर्मियों की निगरानी में आसाराम को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जाएगा।

0 जोधपुर जेल प्रशासन का बयान- जोधपुर जेल प्रशासन ने बताया कि आसाराम की पैरोल पर निगरानी के लिए विशेष टीम बनाई गई है। इस टीम के अधिकारी पूरे समय उनकी गतिविधियों पर नजर रखेंगे। जेल

## प्रथम पेज का शेष

प्रशासन ने यह भी कहा कि पैरोल के बाद आसाराम को वापस जेल लाने की प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। कोर्ट के आदेश का सम्मान करते हुए कड़ी सिक्योरिटी में आसाराम को महाराष्ट्र ले जाया जाएगा।

0 इलाज के बाद होगी खत्म हो जाएगी पैरोल- जोधपुर जेल प्रशासन के मुताबिक आसाराम को 7 दिन की पैरोल इलाज के लिए मिली है। इस पैरोल के समाप्त होते ही आसाराम को वापस जोधपुर सेंट्रल जेल लाया जाएगा। अदालत के आदेश के मुताबिक, पैरोल की अवधि पूरी होने के बाद आसाराम को फिर से जेल में भेज दिया जाएगा। आसाराम की सेहत से जुड़े अपडेट्स पर अदालत की पूरी नजर रहेगी।

*बलात्कारी बाबा गुरमीत ...*

इसके लिए बागपत जिला प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ते इंतजाम भी किए हैं। जनवरी में राम रहीम को दी गई थी 50 दिन की पैरोल- बता दें कि पिछली बार राम रहीम को जनवरी में 50 दिन की पैरोल दी गई थी। राम रहीम ने जून में हाई कोर्ट का रुख किया था, जिसमें 21 दिन की फरलो के निर्देश दिए जाने की मांग की थी। बताया जा रहा है कि गुरमीत राम रहीम, उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में स्थित बरनावा आश्रम में अपना जन्मदिन मनाएगा। राम रहीम 11वीं बार जेल से बाहर आया है।

साध्वी का यौन शोषण और हत्या मामले में सजा काट रहा गुरमीत राम रहीम- साध्वी से यौन शोषण और हत्या के मामले में गुरमीत राम रहीम हरियाणा की रोहतक में सुनारिया जेल में बंद है। राम रहीम ने फरलो के लिए जेल प्रशासन को आवेदन दिया था। इसके बाद जेल प्रशासन ने उसे 21 दिन की फरलो दी। ज्ञात हो कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने गुरमीत राम रहीम को फरलो और पैरोल दिए जाने पर हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की थी।

हालांकि, हाई कोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि जेल प्रशासन को है फरलो और पैरोल देने का अधिकार- हाईकोर्ट ने कहा था कि जेल नियमों के अनुसार ही जेल प्रशासन को इसका अधिकार है और वह ही गुरमीत राम रहीम की फरलो या पैरोल पर फैसला ले सकता है। नवंबर 2023 में गुरमीत राम रहीम को 21 दिनों के लिए जेल से रिहा किया गया था। पिछले साल उसे तीन बार पैरोल दी गई थी। अब तक उसे 205 दिनों के लिए पैरोल और फरलो दी जा चुकी है।

एक साल में मिल सकती है 70 दिन की पैरोल- जेल मैनुअल के अनुसार, एक दोषी को एक साल में 70 दिन की पैरोल मिल सकती है। राम रहीम को अगस्त 2017 में दो महिलाओं से बलात्कार के आरोप में 20 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। जनवरी 2019 में पंचकूला की एक विशेष सीबीआई अदालत ने भी राम रहीम और तीन अन्य को 16 साल पहले पत्रकार रामचंद्र छत्रपति की हत्या के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

*भूपेश बघेल बनाए जा सकते हैं...*

मेरी प्राथमिकता जहां हारे वहां बेहतर कर सकें सिंहदेव ने कहा कि, मेरे विधानसभा में पार्टी को नीचे मेरी प्राथमिकता जहां हारे वहां बेहतर कर सकें। सिंहदेव ने कहा कि, मेरे विधानसभा में पार्टी को नीचे किया। मैं जीत नहीं सका। अभी मेरी प्राथमिकता है कि वहां जो कमियां रहीं, उन्हें दूर कर सकूं। सरगुजा अंचल में एक भी सीट नहीं आई। जो भी कारण रहे, उनमें कैसे परिवर्तन ला सकें। पार्टी के लिए मैं वो योगदान देना चाहता हूं। उसके साथ छत्तीसगढ़ में कहीं उपस्थित होकर पार्टी के बेहतरी के लिए काम कर सकता हूं, वहां उपस्थित रहता हूं। मैंने पार्टी को बताया कि, संगठन में कार्यकर्ताओं को ये एहसास होना कि पार्टी उनके बिना सफलता हासिल नहीं कर पाएगी। उनको सशक्त करने के लिए जो कदम उठाना पड़े, वो करें। वहीं ऊपरी से मिलकर सब लोग काम करें। दोनों स्तर से हम लोगों को काम करना है।

0 ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की थी भंग

जुलाई महीने में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कड़ा फैसला लेते हुए ओडिशा की प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भंग कर दिया था। ये फैसला इसलिए लिया क्योंकि ओडिशा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की परफॉर्मेंस बेहद खराब थी और उसके बाद लगातार वहां प्रदेश अध्यक्ष का विरोध हो रहा था। इसके बाद कयास लगाए जा रहे थे कि छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भी इसी तरह का फैसला लिया जा सकता है। हाईकमान की कोशिश है कि ओडिशा जैसी स्थिति दूसरे राज्यों में ना बने इसलिए 4 राज्यों के विधानसभा चुनाव से पहले सब कुछ ठीक करने के लिए कांग्रेस में बड़े फैसले लिए जा रहे हैं।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सशक्त प्रयास एवं व्यापक अवधारणा - कलेक्टर

**0 14 अगस्त को सुबह 7.30 बजे से स्वतंत्रता दौड़ तथा हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत तिरंगा रैली का आयोजन**

**0 स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, राजस्व एवं पंचायत विभाग की टीम के सामूहिक प्रयासों से डायरिया के केस में आयी कमी**



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की तैयारी के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 14 अगस्त को सुबह 7.30 बजे से स्वतंत्रता दौड़ तथा हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत तिरंगा रैली का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी उपस्थित रहेंगे। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, पीजी पोर्टल, पीजीएन जनशिकायत एवं कलेक्टर जनचौपाल तथा जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की तथा शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण होना चाहिए। पीजी पोर्टल, पीजीएन जनशिकायत सहित अन्य जनचौपाल के प्रकरणों के माध्यम से जनसामान्य के हित में समस्याओं का समाधान होने से उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। उन्होंने गंभीरतापूर्वक प्रकरणों का निराकरण करने के लिए कहा। कलेक्टर ने कहा कि जिले में डायरिया के केस में कमी आयी है, शिविर लगाकर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कार्य किया है। स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, राजस्व एवं पंचायत विभाग की टीम के सामूहिक प्रयासों, समन्वय तथा सही रणनीति के साथ कार्य करने से डायरिया के केस में कमी आयी है। उन्होंने जिले में इस सप्ताह 4 हजार आयुष्मान कार्ड बनने पर प्रशंसा की। कलेक्टर ने कहा कि मिशन जल रक्षा अंतर्गत जिले में भू-जल स्तर में कमी आने के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए प्रदेश स्तर पर प्रशंसा की गई है तथा अन्य जिलों में इसे अपनाने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में जल, स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी के लिए अच्छा कार्य किया जा रहा है तथा एक समग्र अवधारणा के तहत रबी फसल अंतर्गत धान के बदले अन्य फसल एवं फसल परिवर्तन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जल संरक्षण एवं पौधरोपण के लिए जनसहभागिता से जिले में जो कार्य किया जा रहा है, इसका लाभ आने वाली पीढ़ी को मिलेगा। उन्होंने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम सिर्फ पौधरोपण का कार्य नहीं, बल्कि पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में किया जा रहा एक सशक्त प्रयास एवं व्यापक अवधारणा है। इसमें पौधरोपण करते हुए सभी अपनी सहभागिता निभायें।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि शासन द्वारा युक्तियुक्तकरण से संबंधित निर्देश प्राप्त हुआ है। जिसके अंतर्गत जिला एवं विकासखंड अंतर्गत समिति का गठन किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं शिक्षा के अधिकार 2009 के अनुरूप स्कूलों में शिक्षकों की उपलब्धता, बच्चों की दर्ज संख्या के अनुपात में शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। उन्होंने युक्तियुक्तकरण के संबंध में प्रमाण पत्र प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोट्ठ लईका पहल अभियान अंतर्गत व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से एक सकारात्मक बदलाव आया है। ऐसे गंभीर कुपोषित बच्चे जिनका वजन अभी भी कम है, उनके घर भ्रमण कर उन्हें आहार, दवाईयां देने के लिए विशेष प्रयास करने की जरूरत है। आम जनता को शासन की लोककल्याणकारी योजना का लाभ मिले इसके लिए सभी को टीम भावना के साथ कार्य करने की जरूरत है। जल रक्षा मिशन, पोट्ठ लईका पहल तथा जिले में स्मार्ट टीवी एवं संपर्क डिवाईस के माध्यम से जनसामान्य को लाभान्वित करने के लिए जो पहल की गई है, उसके अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। कलेक्टर ने कहा कि गिरदावरी के साथ ही बटांकन एवं राजस्व संबधी समस्याओं का समाधान करते रहें। दिसम्बर तक त्रुटि सुधार का कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने फसल बीमा कार्य में गति लाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि अवैध शराब पर कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने सड़क पर बैठने वाले मवेशियों के मालिकों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाने के लिए जनपद सीईओ, सचिव, नगरीय निकाय के अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएंगी। इस कार्य को लगातार करने के लिए कहा। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को गांव-गांव में दिव्यांजनों का सर्वे कर शिविर लगाने के निर्देश दिए।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने बताया कि सड़क पर मवेशियों के बैठने के कारण पंचायतों के द्वारा उनके मालिकों पर जुर्माना लगाया गया है। सड़क चिरचारी में 1000 रूपए, एलबी नगर में 4700 रूपए, मुरमुंदा में 7000 रूपए जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने सभी शासकीय कार्यालयों में रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम के कार्यशीलता की जांच करने कहा। उन्होंने कहा कि रैन हार्वेस्टिंग के लिए अधोसंरचना महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि कैच द रैन अभियान अंतर्गत धमतरी एवं राजनांदगांव जिले को मॉडल घोषित किया गया है तथा राजनांदगांव जिले के जल, स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी को अन्य जिलों में भी अपनाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने जिले में संचालित तिरंगा रैली, स्वच्छता, डायरिया की रोकथाम के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।

इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ मनोज मरकाम, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## 40वीं वाहिनी द्वारा नवोदय विद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान एवं वृक्षारोपण का आयोजन



डोंगरगढ़ (दावा)। दिनांक 13 अगस्त को 40वीं वाहिनी आईटीबीपी द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में अनन्त नारायण दत्ता, कमांडेट के कुशल मार्गदर्शन में ज्योति प्रकाश, उप कमांडेंट के निर्देशन में हर घर तिरंगा अभियान एवं 'वृक्षारोपण कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस अभियान के अवसर पर 40वी वाहिनी आईटीबीपी द्वारा भव्य और प्रेरणादायक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ के छात्र/छात्राओं एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं ने विशेष उत्साह के साथ भाग लिया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाना एवं लोगों को आजादी के उपलक्ष्य में अपने घर में तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित करना है।

कार्यकम की शुरूआत में विद्यालय के प्राचार्य द्वारा आईटीबीपी के कमांडेंट अनन्त नारायण दत्ता एवं मौजूद अधिकारियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात आईटीबीपी के जवानों एवं स्कूल के छात्रों द्वारा संयुक्त रूप से ध्वज रैली निकाली गई। रैली के उपरान्त विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आईटीबीपी के कमांडेंट, उप कमांडेंट एवं सहायक कमांडेंट एवं जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के फलदार पौधे लगाये गये, साथ ही आईटीबीपी के जवानों व विद्यालय के छात्रों द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम के उपरान्त कमांडेंट अनन्त नारायण दत्ता द्वारा सभी जवानों व छात्रों को संबोधित किया जिसमें भारतीय ध्वज के महत्व और इसके प्रति गर्व की भावना पर प्रकाश डालते हुये छात्रों को भारतीय ध्वज के प्रति सम्मान और प्यार की शिक्षा दी साथ ही पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने के लिए सभी को वृक्षारोपण कार्यक्रम के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य संजय कुमार मंडल ने भी अपने विचार साझा किये। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य द्वारा 40वीं वाहिनी आईटीबीपी को जवाहर नवोदय विद्यालय में इस सफल आयोजन के लिए आईटीबीपी बल के सभी अधिकारियों व जवानों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक अभियानों को जारी रखने अपील की।

## सुख का मार्ग धर्म से होकर ही जाता है- ऋषभ सागर



बालोद (दावा)। प्रत्येक व्यक्ति सुखी होना चाहता है किंतु काम वही करता है जिसमें दुख है। सुख का मार्ग धर्म से होकर ही जाता है।. उक्ताशय के विचार संत महेंद्र सागर के शिष्य ऋषभ सागर महाराज साहब ने धर्म और धार्मिकता पर अपने उद्बोधन को आगे बढ़ते हुए कहा।

उन्होंने कहा कि धर्म वही कर सकता है जो धार्मिक है और धार्मिक होने के लिए पात्रता आवश्यक है। हम उसी कार्य में सफल हो पाते हैं जिसमें हमारी पात्रता है, जैसे कोई डॉक्टर की डिग्री तो ले लिया लेकिन इलाज की पात्रता ना हो तो सफल नहीं हो सकता इस तरह धर्म के क्षेत्र में भी पात्रता जरूरी है कुछ बातें हैं जो हमें धार्मिक होने से रोकती है जैसे अहंकार रखना ,निंदा करना, बातों को गांठ बांध कर रखना, दूसरों से अपने को श्रेष्ठ समझना, सहयोग की भावना का अभाव होना आदि मानवीय गुणों वाले भावों की कमी होना। उन्होंने कहा कि अधार्मिक व्यक्ति कभी सुखी नहीं होता, एक सुख के साथ कई दुख जुड़ जाते हैं। कौरव अपार संपदा प्राप्त होने के बाद भी कभी सुखी नहीं रहे क्योंकि वे धर्म के साथ नहीं थे। पांडव अभाव में भी खुश रह सकें क्योंकि उनके साथ धर्म था। मन के अंदर के विकार रूपी कांटों को निकाल कर ही धार्मिक हुआ जा सकता है। धार्मिक व्यक्ति सभी प्रकार के कष्टों को सहकर भी अपने मन के भाव नहीं बिगाड़ते, क्योंकि वे इसे कर्मों का फल मान कर संतोष का भाव रखते हैं। संत श्री ने कहा कि इस चातुर्मास में आत्मा के निर्मलता के लिए अपने विकारों को दूर करने का अभ्यास करें।

## संभागायुक्त कावरे अचानक पहुंचे एसडीएम और तहसील कार्यालय, जांचे रिकार्ड



**एसडीएम एवं तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया**

रायपुर(दावा)। संभागायुक्त महादेव कावरे ने आज रायपुर के अनुविभागीय राजस्व अधिकारी कार्यालय और तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। श्री कावरे सुबह 10 बजे एसडीएम कार्यालय पहुंचे और उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों से राजस्व प्रकरणों की जानकारी तलब की। उन्होंने राजस्व संबंधी विवादित और अविवादित प्रकरणों का जल्द निपटारा करने के निर्देश अधिकारियों को दिये ताकि लंबित प्रकरणों की संख्या कम हो और लोगों को सहुलियत मिले। श्री कावरे ने कार्यालयों में आने वाले लोगों की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुनने और जल्द समाधान करने को कहा ताकि लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर ना काटना पड़े। उन्होंने कहा कि आवश्यकता होने पर ही पक्षकार को बुलाया जाकर प्रकरणों पर त्वरित आदेश पारित करें। संभागायुक्त ने बटांकन के लिए अभियान चलाकर निपटारा करने और सीमांकन के प्रकरणों का समय-सीमा में समाधान करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कार्यालय में टूटे-फूटे कुर्सी, टेबलों-फर्नीचर की तत्काल मरम्मत कराने को कहा। श्री कावरे ने कर्मचारियों के टेबलों पर पद तथा नाम प्रदर्शित करने वाली पट्टिकायें भी लगाने के निर्देश दिए।

संभागायुक्त ने एसडीएम कार्यालय के निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को टाईम टेबल बनाकर आवेदकों को बुलाने का सुझाव दिया। उन्होंने आवक-जावक शाखा का भी निरीक्षण किया और रिकार्ड दुरूस्त रखने और स्टॉक पंजी संधारण करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने स्टॉक के वेरिफिकेशन का सुझाव भी दिया। उन्होंने नजूल शाखा के निरीक्षण के दौरान कैश बुक और पंजीकरण रजिस्टर दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने लंबे समय से आदेश के लिए लंबित रखे गए प्रकरणों का भी अवलोकन किया और बिना किसी उचित कारण के आदेश लंबित रखने पर एसडीएम नंदकुमार चौबे को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

कमिश्नर श्री कावरे ने रायपुर तहसील कार्यालय में कानून गो, वित्त, नाजिर शाखा, डब्ल्यूबीएन, रिकार्ड रूम सहित विभिन्न शाखाओं में संधारित पंजीयों और दस्तावेजों का निरीक्षण किया। संभागायुक्त ने तहसीलदार न्यायालय के प्रकरणों को बारिकी से जांचा और कई प्रकरणों के ऑनलाईन पंजीयन नहीं होना पाये जाने पर तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया। श्री कावरे ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों-कर्मचारियों को नामाकन, सीमांकन इत्यादि प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निपटारा करने के निर्देश दिये। उन्होंने आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र भी निर्धारित समय-सीमा में बनाने को कहा। संभागायुक्त श्री कावरे ने सीमांकन, अतिक्रमण, व्यवस्थापन, नक्शा का बाटांकन आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश तहसीलदार को दिए। उन्होंने तहसील कार्यालय के डब्ल्यूबीएन में उचित ढंग से कार्य करने, पंजियों का संधारण पश्चात आवश्यक प्रवृष्टि करने तथा उसकी तहसीलदार द्वारा समय-समय पर समीक्षा करने के निर्देश भी दिए।

## मिनीमाता की पुण्यतिथि पर प्राण प्रतिष्ठा



राजनांदगांव (दावा)। रेंगाकठेरा बखत में छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद ममतामई मिनीमाता की पुण्यतिथि पर प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। कार्यक्रम समाज प्रमुख एवं पूर्व कांग्रेस सचिव घुमका ब्लॉक डी डी मारकंडे ने कहा पूर्व विधायक डोंगरगढ़ भुनेश्वर बघेल द्वारा दो लाख घोषणा किये राशि जो ग्राम के असामाजिक तत्व के एक दो आदमी के भड़कावे मे आकर भेदभाव कर घोषणा की राशि नही भेजा जिसके कारण सतनामी समाज मे आक्रोश व्याप्त हुवा तथा समाज में विधायक की घोषणा जो झूठ करार देते हुए चंदा कर प्रतिमा स्थापित कर फूल माला अर्पित कर विन्नम श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

इस दौरान मिनिमाता की जीवन पर समाज प्रमुख के द्वारा दिशा निर्देश कर प्रकाश डाला गया, इस दौरान अध्यक्ष कमल महिलांगे, रामचंद्र मारकंडे, केशव जांगड़े कृष्णा बांजरे प्रेम कुमार, अजय, समरू मुकेश सागुन नकुल रवि अमर दास भूषण हिरदे, राजकुमार, उत्तम रामकुमार, ताराचंद, तथा समाज के महिला पुरुष उपस्थित होकर गौरवान्वित किया।

## भंडारपुर में हर घर तिरंगा अभियान एवं स्वच्छता सप्ताह का हुआ आयोजन



छुरिया (दावा)। जनपद पंचायत छुरिया के ग्राम पंचायत भंडारपुर में हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम एवं स्वच्छता सप्ताह का आयोजन किया गया। हर-घर तिरंगा अभियान अन्तर्गत जनपद पंचायत परिसर से ग्राम पंचायत भंडारपुर तक अधिकारी-कर्मचारी एवं सचिवों द्वारा बाइक रैली निकाल कर हर-घर में तिरंगा फहराने का संदेश दिया गया। सभी ने कैनवास बोर्ड में हर-घर तिरंगा अभियान के तहत जय हिन्द और हर-घर तिरंगा का लेखन किया गया। स्वच्छता कार्यक्रम अन्तर्गत सार्वजनिक स्थल, स्कूल, चौक-चौराहों की साफ-सफाई की गई। स्कूली बच्चों एवं महिला समूह द्वारा रैली निकालकर स्वच्छता संदेश दिया गया और स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। नियमित कचरा संग्रहण, प्रत्येक घरों से स्वच्छता शुल्क देने, अपने घरों के आसपास की नियमित साफ-सफाई व कचरा का सही तरीके के निपटान करने के लिए ग्राम पंचायत, स्वच्छता समूह एवं ग्रामीणों को संदेश दिया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया श्रीमती किरण वैष्णव, सरपंच श्रीमती शकुन गन्धर्व, रविंद्र वैष्णव, सीईओ जनपद पंचायत छुरिया, अधिकारी-कर्मचारी, समस्त ग्राम पंचायत पदाधिकारी, बिहान की महिला स्वसहायता समूह, स्वच्छता समूह दीदी, स्कूल के शिक्षकगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## नगर के गजेन्द्र हरिहारनो को मिला वनांचल साहित्य सृजन सम्मान



डोंगरगांव (दावा)। साहित्य, शिक्षा, कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने हेतु नगर के लब्धप्रतिष्ठित साहित्यकार, गीतकार, शिक्षक, रंगकर्मी, मंच संचालक गजेन्द्र हरिहारनो दीप को वनांचल साहित्य समिति मोहला जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के द्वारा 11 अगस्त को गोटाटोला में आयोजित सम्मान समारोह में वनांचल साहित्य सृजन सम्मान-2024 से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि श्री हरिहारनो को तीन बार गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड सम्मान मिल चुका है। इसके साथ ही साथ इन्हें विभिन्न साहित्यिक, सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं व शासकीय विभागों के द्वारा अनेक सम्मान प्राप्त हो चुका है, उनके इस उपलब्धि हेतु साहित्यकारों, इष्टमित्रों एवं परिजनों ने बधाईयाँ दी हैं।

## शा. पोष्ट मेट्रिक छात्रावास अंबागढ़ चौकी में छात्र संघ के पदाधिकारियों का गठन



**मनीष पुरामे बने अध्यक्ष, आशीर्वाद समारोह में अरविंद गोटे, रूपेन्द्र मण्डावी, नरेन्द्र तारम सहित अन्य अतिथि शामिल हुए**

अंबागढ़ चौकी (दावा)। शासकीय पोष्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास अंबागढ़-चौकी में सत्र 2024-25 के लिए छात्र संघ के पदाधिकारियों का गठन किया गया। इस अवसर पर छात्रावास के विद्यार्थियों के द्वारा सर्वसम्मति से अध्यक्ष के रूप में विद्यार्थी मनीष पुरामे का मनोनयन किया गया। इसी तरह से छात्रावास विद्यार्थियों द्वारा सर्व सम्मति से चिम्मन दर्रो को उपाध्यक्षख चन्द्रशेखर ठाकुर को सचिव, पुरूषोत्तम नेताम को उपसचिव, तोमेश तारम को मुख्य सलाहकार, माखन टेकाम को अनुशासन सचिव, आकाश कोमरे और विवेक मण्डावी को मेष चेकर तथा संजय हारमे और हूमेश्वर कोमरे को क्रीड़ा सचिव के रूप में मनोनयन किया गया है। इस अवसर पर छात्रावास परिसर में आयोजित आशीर्वाद समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद गोटे उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोण्डवाना युवा प्रभाग के पूर्व जिला अध्यक्ष भूपेन्द्र मण्डावी ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में व्याख्याता नरेंद्र तारम, गुलशन सलामे, सोहन पुरामे, गुरूदास पुरामे, धर्मेंद्र पौसार्य एवं अन्य अतिथि उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में अरविंद गोटे ने छात्रावासी एवं विद्यार्थी जीवन को व्यक्ति के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण कालखण्ड बताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन सतत् ज्ञानार्जन के साथ-साथ त्याग, तपस्या एवं जीवन के नवनिर्माण का समय होता है। इस दौरान हम जो अपने भविष्य के आधारशीला रखते है, उसी के आधार पर हमारे जीवन की भावी ईमारत खड़ी होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को इस महत्वपूर्ण कालखण्ड का सदुपयोग करते हुए अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने को कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भूपेन्द्र मण्डवी ने छात्रावास जीवन के महत्व एवं विशेषताओं के संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षार्जन के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्वों का भी निर्वहन करने को कहा। इस अवसर पर व्याख्याता नरेंद्र तारम, गुलशन सलामे, सोहन पुरामे, गुरूदास पुरामे, धर्मेंद्र पौसार्य ने भी संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को उनके कर्त्तव्य एवं नैतिक दायित्वों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर अतिथियों एवं छात्रावासी विद्यार्थियों के द्वारा सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

## तिरंगे के रंग में रंगा बालोद शहर



**० कलेक्टर, एसपी सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं व आम नागरिकों ने तिरंगा यात्रा में शामिल होकर नगर भ्रमण किया**

**० कलेक्टर ने नशामुक्ति अभियान में अपनी अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित कराने हेतु दिलाई शपथ**

बालोद (दावा)। भारत सरकार के 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत आज जिला मुख्यालय बालोद के सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में आयोजित विशाल तिरंगा यात्रा के आयोजन से बालोद शहर राष्ट्र ध्वज तिरंगे के रंग में रंगा था। इस अवसर पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक सुरजनराम भगत सहित नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, पवन साहू, जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रेमलता साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, राकेश यादव एवं श्रीमती लीला लाले शर्मा के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों सहित विशाल संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं, विभिन्न विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों एवं आम नागरिकों ने तिरंगा यात्रा में शामिल होकर बालोद शहर का भ्रमण किया। इस अवसर पर तिरंगा यात्रा का भव्य एवं विशाल कार्यक्रम 'सारे जहाँ से अच्छा हिन्दूस्तान हमारा' जैसे सुमधुर गीत तथा 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' जैसे नारों से देश भक्ति वातावरण से साराबोर हो गया था। समारोह में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने नशामुक्ति भारत अभियान के अंतर्गत जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, अधिकारी-कर्मचारियों सहित छात्र-छात्राओं, आम नागरिकों सहित कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को नशामुक्ति अभियान में अपनी अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित कराने की शपथ दिलाई।

उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय बालोद के सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान में अतिथियों के द्वारा भारत माता की पूजा-अर्चना कर एवं राष्ट्रध्वज फहराकर एवं राष्ट्रगान के पश्चात् विशाल तिरंगा यात्रा को रवाना किया गया। तिरंगा यात्रा सरदार पटेल मैदान से प्रारंभ होकर घड़ी चैके होते हुए पुराना बस स्टैण्ड, सदर रोड, मधु चैक, जय स्तंभ चैक से होते हुए वापस सरदार पटेल मैदान में तिरंगा यात्रा का समापन किया गया। जिला मुख्यालय में आयोजित विशाल तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में नगर के सभी स्कूलों के छात्र-छात्राओं, स्वच्छता दीदियों सहित समाज के सभी वर्गों के लोगों की उपस्थिति से कार्यक्रम देश भक्ति के रंग में पूरी तरह से रंग गया था। इस विशाल तिरंगा यात्रा का शहरवासियों ने भी आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान भारत माता के लिए आकर्षक रथ भी सजाया गया। जिसमें भारत माता रूपी बालिका द्वारा तिरंगा ध्वज के साथ नगर भ्रमण किया गया। तिरंगा यात्रा में चल रहे लोगों पर नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक जोशी, एसडीएम श्रीमती प्रतिमा ठाकरे झा, डीएसपी नवनीत कौर, एसडीओपी देवांश सिंह राठौर, तहसीलदार दीपिका देहारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बडी संख्या में आम नागरिकगण उपस्थित थे।

# हर घर तिरंगा अभियान दिखा रहा रंग, तिरंगे झंडे से पटा बाजार

## स्वतंत्रता दिवस मनाने की हो रही जोरदार तैयारी

राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों शहर सहित देश भर में हर घर तिरंगा अभियान का जोर बना हुआ है। स्वतंत्रता दिवस नजदीक आते ही हर घर तिरंगा अभियान ने और भी जोर पकड़ लिया है। इस अभियान के तहत लोगों में देशभक्ति की भावना हिलोरें मारने लगी है।

लोगों में उमड़ी राष्ट्र प्रेम व देश भक्ति की भावना को देखते हुए शहर का बाजार तिरंगे से पट गया है,और बाजार में इसकी खरीदारी भी जमकर हो रही है। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्कूल कालेजों सहित अपने घरों, कार्यालयों व संस्था-संगठनों के मुख्यालयों में फहराने के लिए झंडे खरीदे जा रहे हैं। वहीं शहर के चौक चौराहों में भी छोटे-छोटे तिरंगा झंडा बेचने वाले भी अपनी दुकानें शुरू कर दी है।



### स्वतंत्रता दिवस की तैयारी

बता दें कि इस बार देश में देश की आजादी की 78 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। देश की आजादी के स्वतंत्रता दिवस की खुशियां अभी से लोगों के सिर चढ़कर देखने को मिल रही है। लोग तिरंगा झंडा हाथ में लेकर देश के प्रति अपनी खुशियां व्यक्त करने निकल पड़े है। इससे लोगों के दिलों में अपने राष्ट्र के प्रति जोश व जज्बे का संचार हो रहा है और अपने,घर कार्यालयों सहित अपने वाहनों में भी लगाने के लिए झंडा खरीदने में रुचि दिखा रहे हैं। इससे बाजार में झंडे की खरीदारी बढ़ गई है। इधर शहर के जिला मुख्यालय सहित नगर निगम व अन्य शासकीय कार्यालयों व स्कूल कालेजों में देश की स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाए जाने की तैयारी भी चल रही है।

बता दें कि इस बार जिले का प्रमुख झंडारोहण कार्यक्रम स्टेट वह म्यूनिस्पल हाईस्कूल मैदान में होने के बजाय पुलिस परेड ग्राउंड में होने वाला है। म्यूनिस्पल हाई स्कूल मैदान में ग्रींन ग्रास लगा कर इसे बर्बाद कर दिया गया है वहीं स्टेट स्कूल ग्राउंड बारिश में भीग जाने के कारण कार्यक्रम स्थल लायक नहीं रह गया है। लिहाजा पीटीएस में झंडा रोहतक का मुख्य कार्यक्रम कराना मजबूरी हो गई है।

स्वतंत्रता दिवस आते ही शहर के लोगों का ध्यान जयस्तंभ चौक में प्रायः फहरते रहने वाला विशाल तिरंगा झंडा की ओर जाने लगा है। यहां कई महीनों से तिरंगा झंडा फहराते नहीं दिखने से लोगों में नाराजगी उत्पन्न होने लगी है। अब देखना यह है कि नगर निगम स्वतंत्रता दिवस पर यहां 100 फीट ऊंचा तिरंगा झंडा फहराया है या नहीं। बहरहाल आजादी की खुशियां अभी से चारों ओर दिखाई देने लगी है।और इसे और भी बढ़ावा देने में हर घर तिरंगा अभियान की मुख्य भूमिका नजर आ रही हैं।

# कृषि दवा के दुष्प्रभाव से झुलस गई सैकड़ों एकड़ की फसल, मुदलियार ने बैन और मुआवजे की मांग की

राजनांदगांव (दावा)। सुरगी क्षेत्र के किसानों की एकड़ों की फसल खरपतवार नाशक के दुष्प्रभाव के चलते बर्बाद हो गई है। कांग्रेस नेता जितेंद्र मुदलियार ने सोमवार को इस विषय को लेकर प्रभावित किसानों के साथ कलेक्टर संजय अग्रवाल से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि, एनर्गो और आसम नाम के खरपतवार नाशकों का इस्तेमाल बुचीभरदा के किसानों ने अपने खेत में किया था। विक्रेता द्वारा बताई गई मात्रा में उपयोग किए जाने के बाद अब उनकी फसल दवाई के दुष्प्रभाव से जल गई है। फौरिया तौर पर ऐसे जो मामले सामने आए हैं उससे लगभग 10 एकड़ की फसल को नुकसान पहुंचा है।



बुचीभरदा के प्रभावित किसानों के साथ कलेक्टर से मिले कांग्रेस नेता जितेंद्र मुदलियार

कांग्रेस नेता जितेंद्र मुदलियार ने कलेक्टर को बुचीभरदा के प्रभावित किसान राहुल साहू, युवराज साहू, चंद्रहास मंडावी और चिनेश साहू की फसल के नमूने और तस्वीरें दिखाते हुए बताया कि उक्त ग्रामीणों को रासायनिक कृषि दवा के इस्तेमाल से बड़ी क्षति पहुंची है। जिस दवा से खरपतवार खत्म होने थे उससे पूरी फसल झुलस गई है। किसान बता रहे हैं कि उन्होंने स्वाल कंपनी के आसम और क्रिस्टल कंपनी के एनर्गो का इस्तेमाल किया था। मुदलियार ने कहा कि, ये संवेदनशील विषय है। उक्त रासायनिक दवाएं जिले भर के कृषि केंद्रों में बेची जा रही है। जिस तरह बुचीभरदा में फसलें झुलस गई हैं आशंका है कि जिले भर में फसल पर इसके इस्तेमाल से किसानों को बड़ी क्षति हो सकती है। उन्होंने तत्काल इस रासायनिक कृषि दवा के इस्तेमाल पर रोक लगाने की मांग भी की है।

ग्रामीणों के साथ कलेक्टर से चर्चा कर मुदलियार ने तत्काल मामले की जांच और किसानों को मुआवजे के लिए अपनी मांग रखी। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने प्रकरण को संवेदनशील मानते हुए जांच की बात कही है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि, प्रभावित फसल और दवा की जांच कर तात्कालिक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान बुचीभरदा के प्रभावित किसान राहुल साहू, युवराज साहू, चंद्रहास साहू, चिनेश साहू के साथ ही प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव चेतन भानुशाली, ग्रामीण टीकाराम साहू, भूपेंद्र कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# सड़क निर्माण कार्य में मुस्तैदी के बजाए ठेकेदार के बिल निकालने में व्यस्त रहते हैं अधिकारी

- बीते अक्टूबर माह में 1 करोड़ से अधिक के भुगतान पर उठ रहे हैं सवालिया निशान
- सड़क मामले में पासिंग पास गेम खेल रहे हैं राजनीतिक दल



## जांच के नाम पर हुई खानापूर्ति?

डोंगरगांव (दावा)। नगर के मध्य में निर्माणाधीन साढ़े तीन किलोमीटर सडक़ चौड़ीकरण का कार्य नगरवासियों और राहगीरों के लिए सिरदर्द व जानलेवा हो गया है. हालात यह है कि नवनिर्मित सडक़ में अनेक स्थानों पर गड्डे अब तालाब और डबरी की शक्ल में परिवर्तित होने लगे हैं. जिनमें प्रतिदिन अनेक दुर्घटनाएँ घटित हो रही है.

इन गड्ढों को लेकर निर्माण कार्य के गुणवत्ता की चर्चा नगरवासियों सहित राजनैतिक हल्कों में है परंतु लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कर्मचारी इस सडक़ निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान देने के बजाए ठेकेदार को समय से पूर्व ही बिल भुगतान कर आर्थिक सहयोग करने में लगे हैं.

### अधूरे काम का पूरा भुगतान ?

बता दें कि सडक़ निर्माण कार्य के प्रारंभ होने के कुछ ही दिनों बाद बीते वर्ष अक्टूबर माह में 1 करोड़ 17 लाख से अधिक की राशि का बिल बनाकर भुगतान कर दिया गया जबकि उक्त अवधि में निर्माण कार्य के नाम पर मात्र कुछ स्थानों पर सडक़ की खुदाई तथा नाममात्र डिवाईडर का निर्माण एवं डब्ल्यूएमएम का कार्य व भी अमानक तथा डीपीआर के नियम निर्देश के विपरीत किए गए. इसका खुलासा बीते समय निकाले गए सूचना के अधिकार से प्राप्त जानकारी के आधार पर हुआ.

### जांच के नाम पर हुई खानापूर्ति ?

यह सडक़ निर्माण कार्य के प्रारंभ से ही विवादों में रही है. क्षेत्र के विधायक दलेश्वर साहू के ड्रीम प्रोजेक्ट के नाम पर लगभग दो वर्ष पूर्व शहर के मध्य स्थित व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, आवास तथा शासकीय निर्माण कार्य जिसमें यात्री प्रतिक्षालय, सार्वजनिक प्याऊ व अन्य स्ट्रक्चर को बगैर किसी पूर्व सूचना नोटिस के तोड़ दिया गया था. वहीं इस तोडफ़ोड़ के लगभग डेढ़ वर्ष बाद कार्य प्रारंभ हुआ. वहीं निर्माण कार्य की गुणवत्ता तथा घटिया निर्माण लोगों के लिए अब जानलेवा साबित हो रहा है.

इसकी शिकायत जब सत्ता पक्ष के धुरंधरों ने कलेक्टर से की तब जांच के लिए चीफ इंजीनियर से लेकर अधिक्षण यंत्री मौके पर पहुंचे थे लेकिन जांच के नाम पर लंच ले उल्टे पांव लौट गए. वहीं इस जांच में क्या पाया और क्या कार्यवाही हुई अब तक शिकायतकर्ताओं को कोई जानकारी नहीं है.

### पासिंग पास गेम खेल रहे हैं राजनीतिक दल

जहां यह सडक़ नगरवासियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है वहीं इस मुद्दे को लेकर पक्ष एवं विपक्ष दोनों ही इसे भुनाने में लग गए हैं. बता दें कि बीते कांग्रेस के कार्यकाल में यह कार्य स्वीकृत हुआ था तथा विधायक दलेश्वर साहू ने स्वयं इसे अपना ड्रीम प्रोजेक्ट बताकर ऐन विधानसभा चुनाव के पहले सडक़ निर्माण कार्य को प्रारंभ करवाया था.

इस दौरान अनेक मुद्दों पर विपक्षी भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने थे और अब सत्ता परिवर्तन के बाद स्थानीय कांग्रेसजन इस मुद्दे पर भाजपा को घेरने में लगी है और अब संभावित नगर पंचायत चुनाव को देखते हुए दोनों ही दल इस मुद्दे को एक दूसरे को पासिंग पास गेम की भांति खेल रहे हैं जबकि इसका खामियाजा नगर के व्यवसायियों सहित नगरवासी एवं राहगीर भोग रहे हैं.

> लोक निर्माण विभाग के एसडीओ हर्षद साहू से चर्चा करने पर उन्होंने इस मामले में कोई भी बयान देने के लिए अधिकृत नहीं होना बताया. इस संबंध में उच्च अधिकारी ही बता पायेंगें.

# कलेक्टर ने संवेदनशीलता पूर्वक जनदर्शन में जनसामान्य की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज मंगलवार को जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों एवं जनसामान्य से मुलाकात कर उनकी समस्याएं एवं शिकायतें संवेदनशीलता पूर्वक सुनी। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर अग्रवाल ने जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निराकरण करने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। कलेक्टर अग्रवाल ने अधिकारियों को जनदर्शन में शासन की योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर ने जनसामान्य की समस्याओं का समय-सीमा में निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

जनदर्शन में राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बुंदेली खुर्द के रामनाथ साहू ने श्रमकार्ड नवीनीकरण के लिए आवेदन किया। कलेक्टर ने इस आवेदन पर संज्ञान लेते हुए श्रम अधिकारी को निराकरण के लिए निर्देशित किया। डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम कटली निवासी दिव्यांग श्री मनोज कुमार यदु, डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम तेन्दुनाला निवासी लोमिन बाई साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृति के लिए आवेदन किया।

घुमका तहसील के ग्राम मुरमुंदा के किसान रमेशर यादव ने रकबा संशोधन के लिए आवेदन किया। पोस्ट मैट्रिक छात्रावास नंदई चौक के विद्यार्थियों ने छात्रावास में आ रही समस्याओं के संबंध में आवेदन किया। कुमरदा तहसील के ग्राम खुर्सीटिकुल के किसान श्रीमती बारोबाई ने नक्शा बंटाकन के लिए आवेदन किया। इसी तरह जनदर्शन में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना की राशि दिलाने, विद्युत कनेक्शन, आवासीय भूमि पट्टा का नामांतरण, महतारी वंदन योजना से लाभान्वित करने, खसरा एवं रकबा संशोधन, नक्शा बंटाकन, नकल उपलब्ध कराने, विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निराकरण करने के लिए निर्देश दिए।

इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ मनोज मरकाम, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे ध्वजारोहण

राजनांदगांव (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन शौर्य परेड मैदान पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में आयोजित किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। विधानसभा अध्यक्ष 15 अगस्त 2024 को सुबह 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। डॉ. रमन सिंह ध्वजारोहण के बाद परेड की सलामी लेंगे, परेड का निरीक्षण एवं मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। कार्यक्रम में पीटी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों एवं पीटी व सांस्कृतिक कार्यक्रम के विजेताओं को पुरस्कार वितरण भी करेंगे।



मुख्य समारोह का आयोजन शौर्य परेड मैदान पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में

# नगर निगम का अतिक्रमण तोड़ूदस्ता ने अग्रसेन भवन के पीछे बना स्ट्रक्चर तोड़ा





राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम सीमांतर्गत अवैध निर्माण एवं शासकीय भूमि पर हो रहे अतिक्रमण पर प्रभावी रूप से रोकथाम करने के लिये निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने नगर निगम में अतिक्रमण दस्ता (तोड़ू दस्ता) का गठन किया है। गठित दल निगम सीमाक्षेत्र में अवैध रूप से किये गये अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही करते है। इसी कडी में आज अग्रसेन भवन के पीछे गली में अतिक्रमण कर बनाये गये बाथरूम को तोडने की कार्यवाही किये।

अतिक्रमण के संबंध में आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि पुराना बस स्टैण्ड के पास स्थित अग्रसेन भवन के पीछे गली की शासकीय भूमि में श्री सलीम खान द्वारा स्ट्रक्चर खडाकर बाथरूम का निर्माण किया गया था, जिसे तोडने नगर निगम के नजुल शाखा ने नोटिस दिया था, नोटिस उपरांत भी श्री खान ने बाथरूम नहीं तोड़ा, जिसपर कार्यवाही करते हुये आज नगर निगम के अतिक्रमण तोड़ू दस्ता द्वारा जे.सी.बी. के माध्यम से तोड़ने की कार्यवाही की गयी। उन्होंने अतिक्रमण दस्ता से कहा कि शहर में जहॉ जहॉ पर अतिक्रमण किया जा रहा है, उन्हे तत्काल नोटिस देकर हटाया जाये और संबंधित के विरूद्ध निगम प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाये।

अतिक्रमण हटाने के दौरान उप अभियंता श्री अनूप पाण्डे, समयपाल चिराग मेश्राम, प्र.पटवारी मिलीन्द रेड्डी व गणेश झा सहित निगम अमला उपस्थित था।

# गौ रक्षा को लेकर कांग्रेस का गौ-सत्याग्रह जंगी प्रदर्शन 16 को

## सत्ताधारी भाजपा पर गौ संरक्षण के लिए ध्यान नहीं देने का आरोप

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में 16 अगस्त को गौ- सत्याग्रह किया जाएगा। इसी के साथ भाजपा सरकार के खिलाफ जंगी प्रदर्शन भी किया जाएगा। श्री साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नित भाजपा सरकार पर गौ संरक्षण की दिशा में काम नहीं करने प्रदेश की जनता को संरक्षण अभ्यारण योजना के नाम पर झूठा आश्वासन देने तथा पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की 'गोधन न्याय योजना' को बंद करके जनता को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है।



श्री साहू ने आगे कहा कि राज्य की भाजपा सरकार गोधन न्याय योजना बंद करके गोवंशीय पशुओं को सड़क पर बेमौत मरने के लिए छोड़ दिया है। प्रदेशभर में हो रही गायों की मौत तथा खुले मवेशियों के कारण सड़कों में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाएं प्रदेश की सबसे बड़ी समस्या बनकर उभरी है। जहां किसान खुली चराई से परेशान हैं, वहीं भाजपा सरकार गाय-भैसों के साथ जनता को सड़कों पर बेमौत मरने के लिए मजबूर कर रही है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी भाजपा सरकार की इस असंवेदनशील कार्यवाही के खिलाफ 16 अगस्त को प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालय एवं ब्लाक मुख्यालयों में गौ-सत्याग्रह करने का निर्णय लिया है। गौ-सत्याग्रह खुले में घुम रहे मवेशी/पशुओं (गाय-भैंस) को साथ लेकर प्रदेश के सभी जिला कार्यालय तथा ब्लाक मुख्यालयों में अनुविभागीय कार्यालय (एसडीएम)/ जनपद/ तहसील कार्यालयों के समक्ष जंगी-प्रदर्शन कर छोड़ा जाएगा। स्थानीय प्रदेश पदाधिकारियों, वरिष्ठ कांग्रेसजनों, सांसद प्रत्याशी, विधायक/ पूर्व प्रत्याशी/पूर्व विधायकों, एआईसीसी एवं पीसीसी सदस्यों, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष/ पदाधिकारियों, मोर्चा संगठन/ प्रकोष्ठ/ विभाग के जिला/ब्लाक पदाधिकारियों, सोशल मीडिया के प्रशिक्षित सदस्यों, नगरीय निकाय / त्रि-स्तरीय पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, सहकारिता क्षेत्र के पदाधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए 16 अगस्त को गौ-सत्याग्रह कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# आज लायंस इंटरनेशनल 'डिस्ट्रिक्ट् 3233- सी' का 'नमन भारत' कार्यक्रम

राजनांदगांव (दावा)। लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी द्वारा प्रतिवर्षानुसार स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर भारत के वीर शहीदों को समर्पित 'नमन भारत' कार्यक्रम का आयोजन-भारत की आजादी की 78 वी वर्षगांठ के पावन प्रसंग पर मातृभूमि पर जान न्योछावर करने वाले वीर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करने सांप्रादयिक सद्भाव, आपसी भाईचारा, देश की एकता, अखंडता तथा देशभक्त भावना को जागृत करने हेतु आयोजन किया जा रहा है।

यह आयोजन स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या 14 अगस्त 2024, बुधवार, जयस्तंभ चौक, राजनांदगांव में रखी गई है। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं समय- संध्या 5 बजे से देश भक्ति गीत, ठीक शाम 5:30 बजे छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा बिगुल एवं सलामी, मानव श्रृंखला 20 मिनट (सांप्रादयिक एकता का परिचय), विश्व शांति एवं अभिन्न स्वतंत्रता हेतु गुब्बारे उड़ाए जाएंगे। अतिथियों का उद्बोधन 15 मिनट पश्चात स्लो मार्च पास्ट 10 मिनट शहीदों को पुष्प चक्र द्वारा श्रद्धांजलि, श्रद्धा ज्योत स्वरूप मोमबत्तियां के साथ जयस्तंभ की परिक्रमा 10 मिनट, राष्ट्रगान 52 सेकंड होगी। नगर वासियों से कार्यक्रम में सम्मिलित होने की विनम्रपूर्वक निवेदन लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी द्वारा की गई है।

# सांसद प्रतिनिधि को किया सीएमओ ने गेट आऊट, निविदा नहीं देने की जानकारी पूछना पड़ा भारी

खैरागढ़ (दावा)। निविदा फार्म नहीं देने की जानकारी लेने गए सांसद प्रतिनिधि को सीएमओ ने कमरे से गेट आऊट किया। घटना से व्यथित सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता ने कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा से मामले की लिखित शिकायत कर कारवाई की मांग की है। राकेश गुप्ता ने बताया कि उन्हें नगर पालिका परिषद में सांसद संतोष पांडेय द्वारा अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। पंद्रहवे वित्त से स्वीकृत लगभग 57 कामों के लिए ठेकेदारों को निविदा फार्म नहीं देने की सूचना मिलने पर वो शाम छह बजे के आसपास सीएमओ प्रमोद शुक्ला से वस्तुस्थिति जानने गए लेकिन सवाल पूछते ही सीएमओ भडक गए और अनाप शनाप बकने लगे।



राकेश गुप्ता ने शिकायत आवेदन में कहा कि निविदा फार्म देने 13 जुलाई शाम पांच बजे तक अंतिम तिथि थी। लेकिन देर शाम निर्धारित समय बीतने तक नगर पालिका परिषद द्वारा किसी भी सक्षम ठेकेदार को निविदा फार्म नहीं देने की सूचना पर वो जानकारी लेने गए थे। जहां वो कमरे में अपने मातहत कर्मचारियों के साथ बैठे थे और उनके द्वारा ठेकेदारों को अभी तक कितना फार्म दिया गया है और रसीद कितनी कटी है, पूछने पर अचानक सीएमओ प्रमोद शुक्ला उत्तेजित हो गए और आफिस टाइम पांच बजे तक होता है कल पूछना तब बताऊंगा करके कमरे से बाहर निकालने लगे।

राकेश गुप्ता ने कहा कि मान मर्यादा के चलते चुपचाप कमरे से बाहर निकल गए। सीएमओ प्रमोद शुक्ला के इस व्यवहार से प्रतीत होता है कि निर्धारित दिनाँक और समय तक किसी भी ठेकेदार को निविदा फार्म नहीं दिया गया है और देर रात अपने करीबी लोगों को उपकृत करने सीएमओ द्वारा रसीद कटवाई जाएगी और फार्म दिया जाएगा। उन्होंने सीएमओ के बर्ताव और निविदा फार्म वितरण प्रकरण की सूक्ष्मता से जॉचकर भ्रष्टाचार करने वाले सीएमओ प्रमोद शुक्ला के खिलाफ कारवाई करने की मांग की है।

### पीआईसी की बैठक में विरोध के चलते नाराज थे सीएमओ

सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता ने बताया कि सीएमओ प्रमोद शुक्ला के अमर्यादित व्यवहार को लेकर लगता है, कि नपा की विशेष बैठक मे अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर को सीएमओ द्वारा बार-बार टोकने पर उन्होंने आपत्ति दर्ज कराई और कहा था, कि महिला अध्यक्ष को बोलने का अवसर मिला चाहिए। राकेश गुप्ता ने कहा कि नियम विरूद्ध काम करने से मना करने के चलते नाराज सीएमओ ने खुन्नस निकालने उन्हें बेइज्जत कर कमरे से बाहर निकाला। पता चला है कि निविदा फार्म वितरण मे कौन सा काम किसको देना है यह सोमवार रात को ही नपा मे अनावश्यक हस्तक्षेप करने वाले पार्षद पतियों ने तय कर लिया था। देर रात सबो काम देने की बात तय हुई थी लेकिन दोपहर को पार्षद पति ने एक ठेकेदार को कह दिया कि भाजपा प्रदेश कार्यालय से उसे काम नही देने का फरमान जारी हुआ है। बस इसी बात को लेकर गहमागहमी रही और बात सांसद प्रतिनिधि तक पहुँची जिसकी जानकारी लेने आने पर उनके साथ सीएमओ ने निविदा वितरण कहानी को डायवर्ट करने ऐसी हरकत की है।

> काम लेने-देने को लेकर प्रदेश कार्यालय से फरमान कभी जारी नहीं किया जाता। कोई ऐसा बयान दे रहा है तो वो पूरी तरह से गलत है और अपनी कमी छिपाने गलतबयानी कर रहा है।
>
> **- घम्मन साहू जिलाध्यक्ष भाजपा केसीजी**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com